

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 17 सितंबर, 2025 , बुधवार, वर्ष 10, अंक 328, आश्विन, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत 2082, पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं



### शुभकामना

भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सभी पाठकों, हॉकर बंधुओं, विज्ञापनदाताओं, एजेंटों, शुभचिंतकों, झारखंड और समस्त देशवासियों को आजाद सिपाही परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

- प्रबंधक

### अवकाश की सूचना

भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 17 सितंबर 2025 को आजाद सिपाही कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 19 सितंबर 2025 को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक

## राज्य में 26 हजार शिक्षकों की बहाली जल्द: हेमंत सोरेन

■ सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों के समरूप खड़ा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

■ कक्षा 1 से 5 के 170 और कक्षा 6 से 8 के 131 सहायक आचार्यों को मिला नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का महत्व कितना है, इससे हम सभी भली-भांति वाकिफ हैं। इससे पूर्व भी बड़ी संख्या में सहायक आचार्य पदों पर नियुक्ति पत्र सौंपा गया था, इसी क्रम को आगे बढ़ाते मंगलवार को 301 सहायक आचार्य की नियुक्ति की जा रही है। राज्य में और 26 हजार शिक्षकों के पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। सरकार झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर कदम उठाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित नव-नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (गणित एवं विज्ञान) तथा गोड्डा जिला के इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 01 से 05) का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त प्रशिक्षित सहायक आचार्य गणित और विज्ञान में 131 तथा गोड्डा जिला के इंटर प्रशिक्षित 170 सहायक आचार्य के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नव-नियुक्त सहायक आचार्यों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंत्री संजय प्रसाद यादव के अलावा उच्चाधिकारी मौजूद थे।

**निजी विद्यालयों के समरूप संचालित करना प्राथमिकता:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संचालित सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों के समरूप खड़ा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। राज्य में बड़ी संख्या में शिक्षकों का समूह है। आप शिक्षकों की तरफ से बेहतर शिक्षा के लिए कोई सुझाव है, तो वह सरकार को दें। आपके सुझाव पर निश्चित रूप से विचार किया जायेगा।



### शिक्षा के क्षेत्र में हमें अपनी रफ्तार बढ़ानी होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व के समय में बौद्धिक विकास अलग-अलग माध्यमों से होता था। वर्तमान में हमारे बच्चों के बौद्धिक विकास का रास्ता शिक्षा के माध्यम से होकर जाता है। इसमें भी लगातार नये आयाम जुड़ रहे हैं। एक समय था, जब बच्चे कॉपी की जगह स्लेट उपयोग करते थे। वर्तमान में सभी चीज डिजिटल हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में ब्लैकबोर्ड की जगह डिजिटल ब्लैकबोर्ड आने लगे हैं। आज शिक्षा के क्षेत्र में हमें आगे बढ़ाने के लिए अपनी रफ्तार बढ़ानी होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कुछ समस्याओं की वजह से शिक्षा के क्षेत्र में हम अपेक्षित रूप से बहुत आगे नहीं बढ़ पाये हैं। इसलिए हम लोगों ने प्रयास किया है कि क्वालिटी एजुकेशन के लिए जितने भी आयाम जोड़े जा सकते हैं, उन्हें जोड़ा जाये।

### नव नियुक्त सहायक आचार्य के कंधों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर शिक्षा के क्षेत्र में कमियां रहेगी तो इसका परिणाम हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतना होगा। आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए भरसक प्रयास करते हैं। आप सभी लोगों को सरकार की स्कूलों को चलाने की जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। यहां कई चुनौतियां हैं। एक तरफ सरकारी व्यवस्था, दूसरी तरफ निजी विद्यालय। आज शिक्षा के क्षेत्र को आप सभी नव नियुक्त सहायक आचार्य रीढ़ की हड्डी बने, इस हेतु आप सभी का चयन किया गया है। यह बहुत जरूरी है कि हम अपने कर्तव्य का निर्वहन बेहतर ढंग से करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी होती है जब सीएम उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ हुआ, तो कई अभिभावक अपने बच्चों का निजी स्कूलों से नाम कटवा कर सरकारी स्कूल में करवा रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का धर्मांतरण कानूनों पर झारखंड समेत आठ राज्यों को नोटिस

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धर्मांतरण से जुड़े कानूनों पर आठ राज्यों को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक के कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच के सामने याचिकाकताओं ने कहा कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है, लेकिन ये अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं और इंटर रिलीजन मैरिज व धार्मिक रीति-रिवाजों को निशाना बनाते हैं। कोर्ट ने पक्षकारों की दलीलें भी सुनीं और कहा कि मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद होगी।











## प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर विशेष

# राम का आदर्श, कृष्ण की नीति, शिव का विषपान, बुद्ध की करुणा, महावीर के तप का समागम हैं नरेंद्र दामोदरदास मोदी

- 21वीं सदी में मां भारती के मंदिर को गढ़ने
- उसमें स्थापित 140 करोड़ जनता जनार्दन की सेवा करने
- ईश्वर ने नये शिल्पी को भारत की पुण्य धरा पर भेजा
- जिसे दुनिया नरेंद्र मोदी के नाम से जानती है
- सशक्त, सनातन और विकसित भारत के ध्वजवाहक नरेंद्र मोदी


बाबूलाल मरांडी

आज 17 सितंबर देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती है। कहा जाता है कि जिन्होंने देवताओं के आवश्यक अस्त्र-शस्त्र बनाये, अनेक बड़े मंदिरों के निर्माण किये। लेकिन आज की 21वीं सदी में मां भारती के मंदिर को गढ़ने, उसमें स्थापित 140 करोड़ जनता जनार्दन की सेवा करने के लिए ईश्वर ने नये शिल्पी को भारत की पुण्य धरा पर भेजा, जिसे दुनिया नरेंद्र मोदी के नाम से जानती है।

### मात्र 8 वर्ष की आयु में ही प्रबल राष्ट्रभक्ति प्रस्फुटित हुई

17 सितंबर 1950 को गुजरात के वडनगर में पिता दामोदर दास और माता हीरा बेन के घर में जन्मे पुत्र का नाम रखा गया नरेंद्र। छोटा सा घर, स्टेशन पर पिता जी की चाय दुकान, अभाव और संघर्ष के जीवन के बीच नरेंद्र 8 वर्ष की उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आये, जहां नरेंद्र में छुपे सेवा, समर्पण और प्रबल राष्ट्रभक्ति प्रस्फुटित हुई। इधर मां ने अभावों के बीच बेटे में सच्चे संस्कार भरे, तो दूसरी ओर पढ़ाई-लिखाई करते हुए स्टेशन पर चाय की दुकान में पिता का सहयोगी बन समाज और जीवन की सच्चाई समझते रहे। नरेंद्र मोदी के जीवन की लगभग 50 वर्षों की जीवन यात्रा में हिमालय की आध्यात्मिक यात्रा के साथ कुशल सांगठनिक यात्राएं शामिल हैं और फिर 21वीं सदी के प्रारंभ में ऐसे नरेंद्र मोदी का प्रादुर्भाव हुआ, जिसमें राम का आदर्श है, कृष्ण की नीति है, शिव का विषपान है, बुद्ध की करुणा है, महावीर का तप है, आदि शंकराचार्य की सांस्कृतिक एकात्मता है, विवेकानंद का अध्यात्म है, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का प्रखर राष्ट्रवाद है, पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय है, गांधी, लोहिया और भीमराव अंबेडकर की समरसता है, भगवान बिरसा मुंडा की क्रांति है।

### मां भारती की बिना रुके, बिना थके सेवा

कहावत है कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। आपातकाल के खिलाफ भारत की दूसरी आजादी की लड़ाई हो या फिर लाल चौक पर तिरंगा फहराने का पार्टी का संकल्प हो या फिर विभिन्न सांगठनिक दायित्वों का कुशल निर्वहन हो, नरेंद्र मोदी को एक विशिष्ट पहचान दी। भारत की जनता का सौभाग्य है कि 21वीं सदी के उषाकाल 2001 से 2014 के मध्य तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में विकास के साथ विरासत को साकार करने वाले नरेंद्र मोदी जी पिछले 11 वर्षों से मां भारती की बिना रुके, बिना थके सेवा कर रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे हनुमान जी ने कहा था.... राम काज किन्हें बिना मोहि कहां विश्राम।

### सबका साथ सबका विकास, केवल नारों में नहीं, व्यवहारों में भी

60 वर्षों के कांग्रेस शासन की याद जनता भूली नहीं है। देश विभाजन की विभीषिका, लोकतंत्र की हत्या से लेकर तुष्टीकरण का तांडव। आकंठ भ्रष्टाचार, घोटालों में आकाश, पाताल सब निगल गये। राम के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगाये गये, राम सेतु के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा। अंबेडकर, सरदार पटेल सब अपमानित हुए और आतंकवादी सम्मानित होने लगे। राष्ट्रविरोधी शक्तियों का मनोबल बढ़ा, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग बढ़ा। परंतु आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का भारत बढ़ता भारत-बदलता भारत है, स्वाभिमानी भारत है, जिसने आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से कदम बढ़ा दिया है। आज शुभ संकल्प तेजी से सिद्धि को प्राप्त कर रहे। आज भारत कहता है और दुनिया सुनती है। विश्व में बदलाव की अगुवाई भारत कर रहा है। सबका साथ सबका विकास केवल नारों में नहीं, बल्कि व्यवहारों में उतर रहा। आज तुष्टीकरण नहीं, सशक्तिकरण पर बल है। गांव, गरीब, किसान, जवान और विज्ञान विकास के केंद्र बिंदु हैं। भारत के इतिहास में पहली बार ऐसे बदलाव हो रहे, जिसमें स्वच्छता अभियान भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना चंद्रयान की यात्रा। हर घर शौचालय भी बन रहे, तो विश्व के सबसे ऊंचे पुल भी बन रहे। हाइवे के साथ ग्रामीण सड़कें भी बन रहीं। गरीबों के आवास भी बन रहे। जनधन खातों में 100 पैसे पूरी तरह पहुंच रहे। 80 करोड़ लोगों के लिए खाद्यान्न की सुरक्षा है। आयुष्मान योजना ने गरीबों के इलाज को सुनिश्चित किया है। स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया ने रोजगार और आत्मनिर्भरता को नये पंख दिये हैं।



### एक गरीब आदिवासी घर की बेटी राष्ट्रपति बनी

आज महिला सशक्तिकरण ने मूर्त रूप लिया है। संसद से पारित 33% आरक्षण को कानून का रूप देने वाली बतौर राष्ट्रपति एक गरीब आदिवासी घर की बेटी बनी। आज संविधान में वर्णित समरस समाज की मूल भावनाएं धरातल पर उतर रहीं। आदिवासी, दलित, पिछड़े विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहे। समाज के उस तबके को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जा रहा, जिसे कभी पूछा नहीं जाता था। प्रतिभाएं पहचान की मोहताज रहती थीं। सामाजिक राजनीतिक जीवन में आज ऐसे वर्गों की भागीदारी बढ़ी है। आज विकास की भव्य इमारत को विरासत की मजबूत नींव पर खड़ा किया जा रहा। धारा 370 की समाप्ति ने राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूत किया, वहीं अयोध्या में 500 वर्षों के संघर्ष को साकार करते हुए भव्य राम मंदिर ने भारत की सांस्कृतिक चेतना को जागृत किया। योग दिवस ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को नयी ऊंचाई दी। आज विदेशी राजकीय मेहमान को ताजमहल की भेंट नहीं मिल रही, बल्कि विश्व बंधुत्व की सोच को बढ़ाने वाले ग्रंथ गीता दिये जा रहे। आज का भारत 'फ्रेजल फाइव' का भारत नहीं, बल्कि विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था का भारत है, जो निकट भविष्य में तीसरे पायदान पर पहुंचने वाली है। गोली का जवाब गोलों से देने की क्षमता रखने वाला भारत दुश्मन के घर में घुसकर जवाब दे रहा। परमाणु धमकियों से बेपरवाह भारत प्रतिबंधों की धमकी से भी नहीं डर रहा। आज का भारत वही तय कर रहा, जो भारत के हित में हो। लेकिन विश्व का अहित भी नहीं। विश्व कल्याण और क्षमाशील होने की बात वही कर सकता है, जो स्वयं ताकतवर हो।

### देश के आत्म सम्मान से कोई समझौता नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ऐसे भारत को मूर्त रूप देने का सपना संजोया है, जिसमें आत्म सम्मान से कोई समझौता नहीं। वैसा विकसित भारत, जिसमें सबके हाथों में अवसर हो, सबकी सहभागिता हो, कोई अभावग्रस्त नहीं हो। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जनजाति समाज तेजी से विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहा। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय पहचान मिली। 15 नवंबर अब राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस बन गया। पीएम जन मन योजना ने जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास को मजबूती प्रदान की है। अपने 11 वर्षों के यशस्वी कार्यकाल में प्रधानमंत्री जी ने झारखंड को दिलों में बसाया है। राज्य में एम्स की स्थापना, आइआइटी, आइआइएम, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट निर्माण के साथ हाइवे, रेलवे, गंगापुल निर्माण जैसे ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत मोदी जी ने झारखंड की धरती से की है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर जाने वाले वे भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। ऐसे में झारखंड के जनजाति समाज के प्रति उनके प्रेम को भुलाया नहीं जा सकता।

### रामकाज पूर्ण बिना विश्राम नहीं करने का संकल्प

आज प्रधानमंत्री जी भले ही उम्र की 75वीं सीढ़ी को पार कर रहे हैं, लेकिन भारत की जनता उनमें हनुमान की ताकत देख रही है, जिन्होंने रामकाज किये बिना विश्राम नहीं करने का संकल्प लिया है। आज भारत के नर नारायण की सेवा ही रामकाज है। मां भारती को परम वैभव तक पहुंचाना ही रामकाज है। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत, स्वाभिमानी भारत का निर्माण ही रामकाज है। आज 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर झारखंड की समस्त जनता की ओर से मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से उन्हें स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। उम्मीद ही नहीं, विश्वास है कि ईश्वर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न साकार करायेंगे।

*(लेखक झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं।)*

---

**आजाद सिपाही की खबर का असर**

# प्रशासन ने शुरू कराया कोरवा समुदाय की बच्ची का इलाज

**परिवार खुश, बीडीओ ने परिवार को राशन कार्ड समेत अन्य सुविधाएं देने का दिया निर्देश**

आदर्श कुमार चंचल

**गारू (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ अनुमंडल की अक्सी पंचायत अंतर्गत तिसिया (टोला खूंटीकरम ) की रहने वाली असिता का इलाज शुरू हो गया है। आजाद सिपाही ने मंगलवार को 'आदिम जनजाति की कोरवा समुदाय की बच्ची के इलाज में बाधा बन रही गरीबी' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसमें 13 साल की असिता की आंखों की रोशनी जाने की बात थी। खबर प्रकाशन के बाद बीडीओ संतोष बैठा ने प्रभारी चिकित्सक अमित खलखो को असिता के इलाज एवं समुचित देखभाल करने का निर्देश दिया और पंचायत सेवक जगेश्वर उरांव को मॉनिटरिंग का जिम्मा सौंपा। इसके बाद मेडिकल टीम असिता को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड ले गयी, जहां डॉ विनीत मुकेश एवं नेत्र सहायक संजू कुमारी ने असिता की जांच की। चिकित्सकों ने बताया कि आंखों का अल्ट्रासाउंड होने के बाद ही बीमारी का पता चलेगा। तब इलाज की रूपरेखा तय की जायेगी। महुआडांड में आंखों की अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं होने के कारण बच्ची को सदर अस्पताल भेजा गया।

**परिवार से मिले एमओ, राशन कार्ड और दूसरे लाभ देने की पहल की :** इधर एमओ सुमित कुमार सिन्हा ने भी पीड़ित परिवार एवं असिता से मिलकर राशन कार्ड एवं आधार कार्ड बनवाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की पहल शुरू कर दी है। राशन कार्ड एवं आधार कार्ड नहीं बनने के कारण असिता का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहा है। इसके कारण इलाज में कठिनाई हो सकती है। हालांकि विशेष परिस्थिति में आदिम जनजाति परिवारों को आयुष्मान कार्ड बिना आवेदन स्वतः उपलब्ध होता है।




मेरी रोशनी बचा लो। महुआडांड़ की 13 वर्षीय असिता की आंखों की रोशनी जा रही है, पहल करे सरकार

आदिम जनजाति की कोरवा समुदाय की बच्ची के इलाज में बाधा बन रही गरीबी

■ एक आंख जन्म के कुछ ही दिन बाद खराब, दूसरे की जा रही रोशनी, एक्सपर्ट बोले बच सकती है रोशनी

■ परिजनों ने 'आजाद सिपाही' के माध्यम से सरकार से लगायी मदद की गुहार

राशन कार्ड भी नहीं

### परिवार ने बीडीओ और आजाद सिपाही का जताया आभार

खबर छपने के बाद हुए असिता के इलाज की पहल से खुश मां रीना देवी, दादा शिवबरत कोरवा, चाचा सुदेश्वर कोरवा, बुद्धेश्वर कोरवा, चाची ज्योति देवी समेत गांव के अन्य लोगों ने बीडीओ एवं आजाद सिपाही परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज से पहले कई लोग यहां आये और गये, मगर किसी ने मदद के लिए हाथ नहीं बढ़ाया । आजाद सिपाही की पहल से ही यह संभव हो पाया।

### क्या कहा स्थानीय लोगों ने

इधर बरवाडीह पूर्वी के जिला परिषद सदस्य सह विद्युत विभाग के जिला सांसद प्रतिनिधि कन्हाई सिंह ने कहा कि वह पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे एवं दिशा की बैठक में भी इस विषय को रखेंगे। बरवाडीह पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, इश जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता, समाजसेवी मनोज मेहता ने भी मामले पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक्स पर ट्वीट कर पूरे मामले की जानकारी दी है।

Ministry of Health and Family Welfare
Government of India

संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार

## अभियान का राज्यस्तरीय शुभारंभ

#SwasthNariSashaktParivar

दिनांक: 17 सितंबर 2025
समय: पूर्वाह्न 11:45 बजे से
स्थान: सदर अस्पताल, रांची

मुख्य अतिथि

**श्री संतोष कुमार गंगवार**
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा

### अभियान की गतिविधियाँ

**सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जाचं और स्वास्थ्य सेवाएं**

- ईएनटी, नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह और दंत जाँच
- कैंसर-मुख/स्तन/ग्रीवा
- गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व जाँच
- टीकाकरण सेवाएँ
- एनीमिया का स्तर
- टेलीमानस सुविधाएँ
- टीबी जाँच
- सिकल सेल एनीमिया
- विशेष परामर्श

**नागरिकों की सक्रिय भागीदारी**

- रक्तदान शिविर
- निक्षय मित्र स्वयंसेवी पंजीकरण
- अंगदान पंजीकरण

**स्वस्थ जीवनशैली और स्वास्थ्य के मानको को बनाए रखना**

- चीनी और खाद्य तेलों में 10% की कमी के साथ मोटापा कम करना
- स्थानीय और क्षेत्रीय भोजन को बढ़ावा देना
- प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी आचरण
- मासिक धर्म स्वच्छता संवर्धन और पोषण
- टेक होम राशन (THR) का वितरण

**स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच आसान बनाने के लिए**

- मातृ एवं शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना नामांकन
- आयुष्मान वय वंदना कार्ड
- सिकल सेल कार्ड
- पोषण टैंकर में लाभार्थियों का पंजीकरण

P.R. 362141 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26

इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए महिलायें एवं बच्चे अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या आंगनवाड़ी केन्द्र से संपर्क करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

unicef
for every child

# "स्वच्छोत्सव" स्वच्छता ही सेवा - 2025

## राज्य स्तरीय शुभारंभ

**श्री योगेन्द्र प्रसाद**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

दिनांक: 17 सितम्बर - 02 अक्टूबर 2025 | स्थान : साड़म, गोमिया, बोकारो, झारखण्ड

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्तर पर "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का आयोजन आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के साथ संयुक्त रूप से दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक मनाया जा रहा है। इस वर्ष इस अभियान का मुख्य थीम (विषय) "स्वच्छोत्सव" रखा गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को बदलना है जिससे कि लोग सामुहिक रुप से अपने-अपने टोलों / गाँवों में स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की दिशा में अपनी भूमिका को निभायें।

"स्वच्छता ही सेवा - 2025" अभियान के क्रम दिनांक 17 सितम्बर से 01 अक्टूबर, 2025 तक विभिन्न प्रकार की स्वच्छता संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। इस क्रम में दिनांक 25 सितम्बर, 2025 को एक साथ राष्ट्रव्यापी स्वच्छता श्रमदान "एक दिन, एक घण्टा, एक साथ" कार्यक्रम विशेष रुप से आयोजित किया गया है, जिसमें सभी लोगों के सहयोग की अपेक्षा है एवं 02 अक्टूबर, 2025 को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। अभियान में सभी विभागों यथा पंचायती राज, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, नगर विकास एवं आवास, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं अन्य विभागों की सहभागिता रहेगी।

**यह अभियान पाँच प्रमुख केंद्रित गतिविधियों के आधार पर आयोजित किया जाएगा:-**

**कचरे के ढेर की साफ-सफाई :-** ग्राम स्तर पर कचरो के ढेर / स्थानों की पहचान / चिन्हितीकरण करते हुए समयबद्ध तरीकों से उसे विशेष रुप से सफाई करना।

**सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई :-** ग्राम स्तर पर विभिन्न संस्थानों / प्रतिष्ठानों / जल स्रोतों और अधिक आवाजाही वाले स्थानों की साफ-सफाई।

**सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन :-** सफाई / स्वच्छताकर्मी के लिए विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर तथा कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु एकल खिड़की द्वारा स्वास्थ्य और कल्याणकारी शिविर का आयोजन करना।

**स्वच्छ हरित उत्सव का आयोजन :-** पर्यावरण अनुकूल और शून्य अपशिष्ट संबंधित गतिविधियाँ।

**स्वच्छता हेतु विशेष जन-जागरुकता गतिविधि का आयोजनः-** सुजल स्वच्छ गाँव, कचरे से कला, स्वच्छ स्ट्रीट फूड, 3R (Reduce, Reuse and Recycle) के सिद्धान्त पर विशेष जन-जागरुकता संबंधित गतिविधियाँ।

**जय झारखण्ड**

P.R. 362189 (Drinking Water and Sanitation) 25-26

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार






आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 17 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## खूंटी, चाइबासा और चांडिल में बार भवन का मुख्यमंत्री और मुख्य न्यायाधीश ने किया शिलान्यास

# तीन साल के अंदर सभी जिलों में होगा बार भवन का निर्माण : हेमंत सोरेन

- अधिवक्ताओं को पेंशन प्रदान करने वाला झारखंड देश का पहला राज्य
- आधारभूत संरचनाओं को मजबूत कर रही राज्य सरकार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान की उपस्थिति में सोमवार को खूंटी कचहरी परिसर में खूंटी, चाइबासा और चांडिल के प्रस्तावित विधिज्ञ परिषद भवन का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर चाइबासा एवं चांडिल में बनने वाले बार भवन का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यूं तो आज एक छोटा सा शिलान्यास समारोह आयोजित है, लेकिन इसके मायने बहुत बड़े हैं, इसके कार्य भी बड़े हैं, जिसके माध्यम से राज्य के आम जनों को न्याय प्राप्त होता है। इस प्रक्रिया को चलाने के कई पायदान हैं, कई लोग कार्य करते हैं आज उसी कड़ी में खूंटी, चाइबासा एवं चांडिल में बार भवन का शिलान्यास संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजना है कि झारखंड के सभी जिलों में एक सुंदर, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बार भवन का निर्माण की जाये। आने वाले तीन वर्ष के अंदर सभी जिलों में बार भवन बनकर तैयार हो इसी लक्ष्य के साथ कार्य योजना को मूर्त रूप देने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ न्यायालय नहीं बल्कि एक ऐसा मंदिर है जहां कि बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों को न्याय प्रदान किया जाता है। यह स्वतंत्र रूप से अपने कार्यों को अंजाम देते हुए हमारी संवैधानिक व्यवस्था को और मजबूत बनाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायिक व्यवस्था में बेंच एवं बार अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं एवं आम जन को सुलभ एवं त्वरित न्याय दिलाने तथा उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार न्यायिक आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर कार्य कर रही है। न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।

**ये रहे मौजूद :** जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय, जस्टिस आनंदा सेन, जस्टिस राजेश शंकर, जस्टिस अनिल कुमार चौधरी, जस्टिस राजेश कुमार, जस्टिस संजय कुमार दिवेदी, जस्टिस दीपक रौशन, जस्टिस अंबुज नाथ, जस्टिस संजय प्रसाद, जस्टिस अरूण कुमार राय, महाधिवक्ता राजीव रंजन, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल, सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक राम सूर्या मुंडा, सुदीप गुड़िया सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### कई महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा यहां के अधिवक्ताओं के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश में पहला राज्य है जहां अधिवक्ताओं को पेंशन देने का कार्य हमारी सरकार कर रही है और अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य बीमा और स्टाइपेंड की व्यवस्था भी कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला न्यायालयों में व्यक्तिगत रूप से कई बार आने जाने का मौका मुझे भी मिला है। हमारी सरकार की सोच है कि न्यायालय परिसर की समस्याओं का समाधान तुरंत होना चाहिए। सरकार इसके लिए कटिबद्ध है। आने वाले समय में स्वतंत्र रूप से न्याय व्यवस्था अपने कार्यों में आगे बढ़े इस निमित्त राज्य सरकार पूर्ण सहयोग करने को सदैव तत्पर है।

## चैंबर चुनाव : समर्थन जुटाने को दोनों टीमों ने झोंकी ताकत





- आदित्य पंडरा और तुलसी ने की अपर बाजार में पदयात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आदित्य मल्होत्रा और तुलसी पटेल टीम ने पूरी ताकत झोंक दी है। मल्होत्रा ने जहां पंडरा में पदयात्रा कर व्यापारियों से समर्थन मांगा तो तुलसी ने अपर बाजार के इलाको में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। दोनों टीमों ने मतदाताओं से अपना विजन साझा कर, जीत सुनिश्चित कराने की अपील की।

**व्यापारियों की समस्याओं का करेंगे समाधान : आदित्य मल्होत्रा :** टीम आदित्य मल्होत्रा के सभी सदस्यों ने पंडरा बाजार में पदयात्रा कर व्यापारियों से मुलाकात की। सभी को अपनी योजनाओं से अवगत कराया। व्यापारियों की समस्याएं भी सुनीं और समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का भरोसा दिलाया। कहा कि समस्याओ का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। पदयात्रा के दौरान संजय माहुरी, हरि कनोडीया, किशन साहू, जेपी मित्तल, नीतीश लोहिया, टिंकू होरा, दिनेश बगड़िया, मदन प्रसाद, शंभू अग्रवाल, मुकेश खेमका, विनोद साहू, गणेश अग्रवाल, हर्ष सदाना ने भी उपस्थिति दर्ज करायी। टीम के डॉ अभिषेक रामधीन, संजय अखौरी, नवजोत अलंग रूबल, रोहित अग्रवाल, रोहित पोद्दार, मनीष सराफ, मुकेश अग्रवाल, राम बांगड़, प्रवीण लोहिया, सुनील सरावगी, अनिल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सीए जेपी शर्मा, पूजा ढाढा, आस्था किरण, निधि झुनझुनवाला, नवीन जैन, अनीश बुधिया, अमित किशोर अग्रवाल, साहित्य पवन आदि पदयात्रा करने वालों में मुख्य थे।

**चैंबर को एक सशक्त और सक्रिय मंच बनायेंगे : तुलसी :** टीम तुलसी पटेल ने श्रद्धानंद रोड, महावीर चौक, दीनबंधु लेन, सोनार पट्टी, मैकी रोड, पेपर मार्केट, सुरेश बाबू स्ट्रीट आदि में पदयात्रा कर व्यापारियों से समर्थन मांगा। साथ ही व्यापारियों की समस्याएं भी सुनी। पटेल ने कहा कि अगर उनकी टीम को सदस्यों का समर्थन और जीत मिलती है, तो वे झारखंड चैंबर को एक सशक्त और सक्रिय मंच बनायेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठायेंगे। पदयात्रा में अनिल लोहिया, सौरव बजाज, संजय अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत, रौनक झुनझुनवाला आदि ने भी बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभायी। ज्योति कुमारी, राहुल साबू, विकास विजयवर्गीय, दीनदयाल वर्णवाल, अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, विमल फोगला, अरुण भरतीया, नवीन गाड़ोदिया, मनोज मिश्रा, विकास झाझरिया, विनीता सिंघानिया, मोनिका गोयनका, विकास मोदी, कमलेश संचेती, संतोष अग्रवाल, सुमित कक्कड़, प्रकाश अग्रवाल, कुलवंत सिंह आदि पदयात्रा करने वालों में मुख्य थे।

## स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर से सेवा पखवाड़ा की होगी शुरुआत: आदित्य साहू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से गांधी, शास्त्री जयंती 2 अक्टूबर तक प्रदेश भाजपा सेवा पखवाड़ा मनायेगी। प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर को आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने बताया कि 17 सितंबर को पूरे प्रदेश में पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। प्रदेश, जिला मंडल स्तर के पदाधिकारी आम जन के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्रमदान के साथ सार्वजनिक स्थानों, शहीद स्मारकों, अस्पतालों, कार्यालयों की सफाई करेंगे। उन्होंने कहा कि रांची महानगर भाजपा द्वारा सुबह 7 बजे भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा जहां प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल होंगे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क हरमू में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के साथ कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान करेंगे। बताया कि 10बजे प्रदेश कार्यालय में युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में रक्तदाता स्वैच्छिक रक्तदान करेंगे। उन्होंने कहा कि शाम 4 बजे रातू रोड स्थित आकाशवाणी केंद्र के पास प्रधानमंत्री पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, वरुण साहू भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि शाम 5 बजे प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया जायेगा।

### आइआइएम राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर हुआ साहित्य संवाद

## समृद्ध भाषा है हिंदी : प्रो दीपक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइआइएम के राजभाषा प्रकोष्ठ की ओर से राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर 'साहित्य संवाद 2025' का खास आयोजन किया गया। इसमें बतौर अतिथि वक्ता, साहित्यकार और कथाकार दिव्य प्रकाश दुबे, सत्य व्यास के साथ पंकज मित्र ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने की। स्वागत संबोधन में उन्होंने समकालीन हिंदी लेखनी में युवाओं की भागीदारी की सराहना की। साथ ही वर्तमान समय के राजभाषा हिंदी की अहमियत के तीन कारण गिनाये। प्रबंधन के छात्रों को हिंदी कैसे जनमानस की भाषा के साथ सहज संवाद का माध्यम है, से रूबरू कराया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार बढ़ रही हिंदी भाषियों की संख्या, को विविधता में समानता का रूप बताया। वहीं वैश्विक दौर में आगे बढ़ने के लिए हिंदी के साथ क्षेत्रीय भाषा को सिखने के लिए भी प्ररित किया। प्रो सत्यम ने संचालन करते हुए वक्ताओं से प्रबंधन के क्षेत्र में हिंदी की उपयोगिता और महत्त्व पर चर्चा की। इसपर दिव्य प्रकाश ने कहा कि प्रबंधक बनने के बाद, जमीनी हकीकत को समझने के लिए लोगों से संवाद स्थापित करना जरूरी है, इसमें हिंदी भाषा कारगर है। सत्य व्यास ने विद्यार्थियों को हिंदी के शब्दों से दोस्ती करने और बोली में नयापन लाने की बात कही। पंकज मित्र ने हिंदी को आत्मीय भाषा बताया, कहा कि प्रबंधन के छात्र मानव संसाधन को समझने और विभिन्न पेशे के लोगों से काम लेने के लिए हिंदी भाषा को अपनी ढाल बना सकते हैं। इसके बाद पुस्तक प्रदर्शनी के साथ हुई पाठ प्रतियोगिता भी हुई। अली आजाद प्रथम, सीमा कुमारी द्वितीय और अनमोल रोशन कुजूर तृतीय विजेता चुने गये। संस्थान में हिंदी भाषा को अपनाकर काम करने वाले कर्मी मिथिलेश प्रसाद सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## चैंबर चुनाव की तैयारियां पूरी, 21 सितंबर को होगा मतदान

### 20 को होगी आमसभा, स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल में होगा चुनाव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर चुनाव की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। शनिवार को चैंबर की 61वीं वार्षिक आमसभा होगी। दूसरे दिन 21 सितंबर को स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल, डंगराटोली में मतदान किया जायेगा। चुनाव पदाधिकारी पवन शर्मा, विकास सिंह और चुनाव समिति सदस्य ललित केडिया ने पत्रकारों को बताया कि शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से चुनाव कराने को लेकर हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। दिन के नौ से शाम पांच बजे तक मतदान चलेगा। इसके बाद वोटो की गिनती कर चुनाव परिणाम घोषित किये जायेंगे। पवन शर्मा ने बताया कि चैंबर भवन में आमसभा दिन के 11 बजे से शुरू होगी। इसमें सभी सदस्य भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि सत्र 2025-26 चुनाव के लिए 56 नामांकन प्राप्त हुए थे जिसमें से 06 नामांकन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के लिए हैं। प्रत्येक प्रमंडल से एक-एक नामांकन मिलने के कारण सभी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आमसभा में निर्विरोध चयनित किये जायेंगे। कार्यकारिणी समिति के 50 में से 06 नामांकन वापस लिये गये हैं। ऐसे में कुल 21 सीटों के लिए 44 प्रत्याशी चुनाव में हैं। ललित केडिया ने आमसभा के बारे में बताया कि यह चैंबर की गतिविधियों का केंद्रबिंदु है जिसमें भावी गतिविधियों, वर्तमान सत्र का लेखा-जोखा और सदस्यों के प्रस्ताव पर विमर्श किया जायेगा।

**3985 मतदाता डालेंगे वोट :** पवन शर्मा ने बताया कि चैंबर के 3985 मतदाता हैं। इसमें लाइफ मेंबर 3727, जेनरल मेंबर 158, एफिलिएटेड बॉडी 85, कॉरपोरेट 10, पैट्रन मेंबर 05 हैं। प्रत्येक सदस्य को एक वोट देने का अधिकार है। एफिलिएटेड बॉडी को दो वोट देने का अधिकार है। इस तरह कुल 4070 मतदान होंगे। मतदाताओं की सुविधा के लिए 32 वूथ बनाये गये हैं। मतदान स्थल पर सदस्यता शुल्क भुगतान करने की व्यवस्था भी की जायेगी।

**मतदान और एग्जिट पर्ची है जरूरी :** वोट डालने के लिए मतदाता को मतदान पर्ची के साथ एग्जिट पर्ची दी भी जायेगी। यानि मतदाता को मत देने के बाद एग्जिट पर्ची गेट पर जमा करना अनिवार्य है। पवन शर्मा ने बताया कि मतदाता एग्जिट पर्ची कराकर फूड कूपन लेंगे। आमसभा से 30 दिन पूर्व बने आजीवन सदस्यों, कॉरपोरेट लाइफ, पेट्रोन सदस्य और 90 दिन पहले बने जेनरल, एफिलिएटेड, कॉरपोरेट जनरल सदस्य ही मतदान प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं।



### विकास सिंह ने की सहयोग की अपील

चुनाव पदाधिकारी विकास सिंह ने चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सदस्यों से सहयोग की अपील की है। चुनावी आचार संहिता पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को मतदान स्थल पर आइडी कार्ड पहनकर घूमना वर्जित है। आइडी कार्ड का उपयोग केवल चुनाव पदाधिकारी और चुनाव प्रबंधन से जुड़े लोग ही करेंगे। चुनाव के 24 घंटे पहले सदस्यों को इमेल, व्हाट्सअप, एसएमएस भेजना और सोशल मीडिया से प्रचार-प्रसार करना बंद रहेगा। उम्मीदवार चुनावी गतिविधियों के लिए चैंबर भवन का उपयोग नहीं कर सकते। यह आचार संहिता के खिलाफ माना जायेगा।

### रिकाउंटिंग के लिए देने होंगे दस हजार

मतगणना के परिणाम से असंतुष्ट प्रत्याशी रिकाउंटिंग शुल्क जीएसटी के अलावा दस हजार देकर 22 सितंबर को दिन के दो बजे तक रिकाउंटिंग की अपील कर सकते हैं। मतदान स्थल पर लगाये गये मतदाता जांच कंप्यूटर के पास पर्यवेक्षकों को बैठने की व्यवस्था नहीं है। किसी भी चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन करते पाये जाने पर ऐसे प्रत्याशी को चुनाव पदाधिकारी द्वारा चुनाव से अयोग्य घोषित करने का पूर्ण अधिकार होगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### झारखंड राज्य युवा आयोग की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य युवा आयोग की बैठक अध्यक्ष कुमार गौरव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राज्य के युवाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और प्रस्तावों पर चर्चा हुई तथा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सरकार को कार्ययोजना एवं बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। आयोग ने यह भी सुनिश्चित किया कि राज्य के कम से कम 10 प्रतिशत युवाओं तक विभिन्न योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ पहुंचे। इसके लिए युवा जागरूकता कार्यक्रम, एच आई वी जागरूकता अभियान, नशा-मुक्ति अभियान, युवा महोत्सव, युवा नेतृत्व विकास शिविर, एडवेंचर कैंप, उद्यमिता विकास जैसे कार्यक्रम शामिल किये जायेंगे। आयोग ने निर्णय लिया कि राज्य की 13 प्रमुख युवामुखी स्वैच्छिक संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे। राज्य के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोग द्वारा एक प्रतीक चिह्न तैयार करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। चयनित चिह्न के रचनाकार को 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। राज्य के युवा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की पहचान कर उनके माध्यम से सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 10 प्रमुख इन्फ्लुएंसर्स का चयन कर सम्मानित किया जायेगा। बैठक के अंत में अध्यक्ष कुमार गौरव ने कहा कि आयोग राज्य के युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु सतत प्रयासरत है। बैठक में विशाल तिर्की एवं सुनील टुडू और वेद रत्न मोहन उपस्थित थे।

### सेंट जेवियर्स कॉलेज में आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर केंद्रित एक संवादात्मक वार्ता सत्र का आयोजन 1/3 कॉय एनसीसी सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची द्वारा आइक्यूएसी और एरोक्स के सहयोग से 16 सितंबर को फादर सी डीब्रॉवर ऑडिटोरियम में किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों और कैडेटों को मानसिक स्वास्थ्य, आत्महत्या रोकथाम और सहायता लेने के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अतिथि वक्ता गुरप्रीत कौर भाटिया, संयुक्त निदेशक, जीवन आत्महत्या रोकथाम केंद्र थीं। सत्र की शुरुआत मुख्य अतिथि के सम्मान और स्वागत भाषण से हुई, जिसे एएनओ कैप्टन डॉ प्रिया श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि का स्वागत एरोक्स के डॉ अचल सिन्हा और डॉ अभिजीत डे ने किया। अपने संबोधन में गुरप्रीत कौर भाटिया ने मानसिक तनाव के शुरुआती संकेतों की पहचान, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सामाजिक धारणाओं और कलंक को कम करने तथा संघर्ष कर रहे लोगों के लिए सहयोगी वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन प्रोफेसर जेनेट एक्का द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इसमें डॉ सौम्य मानिनी सिन्हा, डॉ रितेश सिंह, डॉ कमलदीप गुप्ता, प्रो मौली, प्रो स्वर्णिमा झा ने प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और एक अधिक दयालु एवं संवेदनशील समाज बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ प्रेरित किया।

### भारतीय रेल के प्राचार्य सम्मेलन में प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर दिया बल



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारतीय रेल ने अपने कर्मचारियों के प्रशिक्षण को बेहतर और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पहली बार मल्टी डिसिप्लिनरी जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स (एमडीजेडटीआई ) के प्राचार्यों का सम्मेलन हुआ, जिसमें प्रशिक्षण की गुणवत्ता और आधुनिकता पर विशेष बल दिया गया। सम्मेलन में केस स्टडीज के उपयोग पर खास फोकस रहा। जिससे ट्रेन संचालन और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं को बेहतर तरीके से समझाया जा सके। प्रशिक्षण को अधिक संवादात्मक और रोचक बनाने के लिए सिमुलेटर के उपयोग को बढ़ाने विचार हुआ। विभिन्न एमडीजेटीआई संस्थानों की ओर से तैयार किये गये प्रशिक्षण और लेक्चर वीडियो को एक साझा प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। सम्मेलन के तहत एमडीजेटीआई प्राचार्यों को दिल्ली मेट्रो रेल अकादमी का दौरा भी कराया गया। सभी ने मेट्रो रेल प्रशिक्षण पद्धतियों का अवलोकन किया।

### महुआ माजी तिरुपति में पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी ऑन कोपलॉट की बैठक में शामिल हुईं



तिरुपति/रांची (आजाद सिपाही)। तिरुपति में आयोजित पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी ऑन कोपलॉट की महत्वपूर्ण बैठक में राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने सम्मिलित होकर अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज करायी। इस बैठक में आइआइटी तिरुपति, आइआइएसइआर तिरुपति, यूनियन बैंक, नेशनल संस्कृत यूनिवर्सिटी तिरुपति और इंडियन इंस्टिट्यूट (पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार) सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांसद डॉ. महुआ माजी के साथ-साथ संसद के कई सदस्यगण और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ और संस्थागत समन्वय एवं नीतिगत सहयोग को आगे बढ़ाने पर बल दिया गया।

### दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड का 68वां स्थापना दिवस मनाया गया




रांची (आजाद सिपाही)। दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड का 68वां स्थापना दिवस मंगलवार को पंचायत भवन कोकोदरा, कांके के प्रांगण में मनाया गया। इसमें वक्ताओं ने श्रमिक संबंधित संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री संजय चक्रवर्ती थे। उन्होंने अपने संबोधन में इस विभाग द्वारा श्रमिक शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्यों की सराहना करते हुए विभिन्न गतिविधियों की विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम में विशिाष्ट अतथि के रूप में पधारे एलबी शास्त्री ने दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के स्वर्णिम इतिहास की विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम में पूर्व निदेशक लालबहादुर शास्त्री, रांची क्षेत्रीय निदेशालय की शिक्षा अधिकारी सुस्मिता भट्ट, अराध्या इंटरनेशनल आर्गनाइजेशन की सचीव आरती पांडेय, अध्यक्ष आशुतोष पांडेय, रुपांतरन भारती के अध्यक्ष कामता प्रसाद, पंचायत के मुखिया उज्जवल पाहन, रांची निदेशालय कार्यालय सहयोगी धीरज कुमा, पंचायत के प्रज्ञा केंद्र वीएलइ अब्दुल्ला अंसारी, वार्ड सदस्य गुलशन आरा, सजरून निशा, प्रकाश आदि उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...75 वर्ष

## जब महिलायें होंगी स्वस्थ, तभी तो परिवार और देश बनेगा सशक्त



# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार

## अभियान का शुभारंभ

17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025

एवं

## पीएम मित्र पार्क, धार का शिलान्यास

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

के द्वारा

- देशभर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन
- 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ
- PMMVY के अंतर्गत मातृत्व लाभ वितरण
- आदि सेवा पर्व का शुभारंभ
- एक करोड़ सिकल सेल स्क्रीनिंग काउंसलिंग कार्ड का वितरण
- सुमन सखी चैटबॉट का शुभारंभ
- 'एक बगिया माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौध वितरण

17 सितम्बर 2025 | धार, मध्यप्रदेश
DD न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

## अभियान की गतिविधियाँ

### सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य सेवाएं

- ईएनटी, नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह और दंत जांच
- कैंसर-मुख / स्तन/ ग्रीवा
- गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व जांच
- टीकाकरण सेवाएँ / एनीमिया का स्तर
- टेलीमानस सुविधाएँ / टीबी जांच
- सिकल सेल
- विशेष परामर्श

### स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच आसान बनाने के लिए

- मातृ एवं शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना नामांकन
- आयुष्मान वय वंदना कार्ड
- सिकल सेल कार्ड
- आभा आई डी कार्ड पंजीकरण
- पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों का पंजीकरण

### स्वस्थ जीवनशैली और स्वास्थ्य के मानकों को बनाए रखना

- चीनी और खाद्य तेलों में 10% की कमी के साथ मोटापा कम करना
- स्थानीय और क्षेत्रीय भोजन को बढ़ावा देना
- प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी आचरण
- मासिक धर्म स्वच्छता संवर्धन और पोषण
- टेक होम राशन (THR) का वितरण

### नागरिकों की सक्रिय भागीदारी :

रक्तदान शिविर | निक्षय मित्र स्वयंसेवी पंजीकरण | अंगदान पंजीकरण

CBC 46101/13/0018/2526

इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए महिलायें एवं बच्चे अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या आंगनवाड़ी केन्द्र से संपर्क करें

#SwasthNariSashaktParivar





आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 17 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# आत्मनिर्भर भारत और घर-घर स्वदेशी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर राष्ट्रीय संकल्प



डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा

17 सितंबर 2025 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपना 75वां जन्मदिन मनायेंगे। यह अवसर केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उस प्रेरणादायक यात्रा का स्मरण है, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाया। एक साधारण परिवार से निकलकर, बचपन में चाय बेचने वाले बालक से विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार होने तक का उनका सफर संकल्प, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसे 'सेवा दिवस' के रूप में मना रही है, जिसमें रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच और स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम देशभर में आयोजित होंगे।

### आत्मनिर्भर भारत: स्वावलंबन की मजबूत नींव

2014 में सत्ता संभालते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया, जिसे 2020 में औपचारिक अभियान का रूप मिला। इसके पांच स्तंभ– अर्थव्यवस्था, अवसंरचना, व्यवस्था, जनसांख्यिकी और मांग–भारत को सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त बना रहे हैं। जैसा कि मोदी जी ने कहा, आत्मनिर्भर भारत का मार्ग गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा की भागीदारी से होकर जाता है। रक्षा क्षेत्र में 2024 में 21,000 करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात, सेमीकंडक्टर चिप का 'मेक इन इंडिया' लॉन्च और चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता इस अभियान की मिसाल हैं। ऊर्जा क्षेत्र में भारत ने 2030 के 50% स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्य को 2025 में ही हासिल कर लिया, जो वैश्विक जलवायु प्रतिबद्धताओं में अग्रणी है।

### घर-घर स्वदेशी: वोकल फॉर लोकल की गूंज



मोदी जी के 'वोकल फॉर लोकल' मंत्र ने स्वदेशी उत्पादों को नया जीवन दिया है। 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना के तहत 761 जिलों के 1,102 पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार में पहचान मिली है। त्योहारों, मेलों और सरकारी पहल के माध्यम से 'घर-घर स्वदेशी' की भावना अब जन-जन तक पहुंच रही है, जिससे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को प्रोत्साहन मिल रहा है।

### आर्थिक प्रगति: विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था ने अभूतपूर्व छलांग लगायी है। 2014 में विश्व की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था 2025 तक चौथी सबसे बड़ी बन चुकी है। 2024-25 में 6.5% की जीडीपी वृद्धि दर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक रही।

निर्माण क्षेत्र में 10.8% की वृद्धि ने रोजगार सृजन को गति दी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) और विश्व बैंक ने भारत को वैश्विक विकास का इंजन करार दिया है।

### जनकल्याण: हर घर तक विकास

- प्रधानमंत्री आवास योजना: 4 करोड़ से अधिक पक्के घर, 2024-25 में 1 करोड़ अतिरिक्त घरों का लक्ष्य।
- जल जीवन मिशन: 15 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल, 2028 तक पूर्ण कवरेज।
- आयुष्मान भारत: 55 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त स्वास्थ्य बीमा।
- स्टार्टअप इंडिया: 1 लाख से अधिक स्टार्टअप, 10 लाख से अधिक नौकरियां।

#### 75वां जन्मदिन: 75 संकल्प

- प्रधानमंत्री मोदी का 75वां जन्मदिन प्रेरणा का अवसर है। इस मौके पर देशभर में 75 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन होगा, जिसमें मध्य प्रदेश के धार में मेगा टेक्सटाइल पार्क शामिल है। हम सभी संकल्प लें:
- हर घर स्वदेशी उत्पाद अपनाएं।
- आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं।
- 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें।

### जीएसटी: व्यापार में क्रांति

1 जुलाई 2017 को लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ने व्यापार को सरल और पारदर्शी बनाया। 22 सितंबर 2025 से जीएसटी 2.0 के तहत स्लैब को 5%, 18% और 40% में सरलीकृत किया गया है। डिजिटल इंडिया ने कर प्रणाली को और मजबूत किया, जिससे टैक्स चोरी घटी और छोटे व्यापारियों को राहत मिली।

### महिला सशक्तिकरण: आर्थिक स्वतंत्रता की ओर

महिला सशक्तिकरण को आत्मनिर्भर भारत की धुरी मानते हुए मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन, जन धन योजना से 50 करोड़ से अधिक खाते और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लाखों महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की।

### वैश्विक नेतृत्व: भारत की नयी पहचान

2023 में जी-20 की सफल अध्यक्षता और 2021 में सीओपी-26 में जलवायु नेतृत्व ने भारत को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। 'मेक इन इंडिया' से रक्षा निर्यात में वृद्धि हुई, जबकि गगनयान मिशन 2025 में भारत की अंतरिक्ष क्षमता को और सशक्त करेगा।

### निष्कर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व भारत की अमूल्य धरोहर है। उनके संकल्प और स्वदेशी भावना ने भारत को विश्व गुरु की दिशा में अग्रसर किया है। उनके 75वें जन्मदिन पर 'आत्मनिर्भर भारत और घर-घर स्वदेशी' को जीवन का हिस्सा बनाना ही सच्ची 'शुभकामना' या 'बधाई' होगी। आइए, सेवा पखवाड़ा के माध्यम से इस संकल्प को गति दें और विकसित भारत के सपने को साकार करें।

**(लेखक राज्यसभा सांसद और - झारखंड प्रदेश भाजपा के महामंत्री हैं।)**

---

# पत्थर माफिया ने करायी सूर्या हांसदा की हत्या : दीपक प्रकाश

- न्याय मिलने तक भाजपा सड़क से सदन तक चुप नहीं बैठेगी
- आरोपी पुलिस पदाधिकारियों का अविलंब स्थानांतरण करने की मांग की
- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने भी की सीबीआइ जांच की अनुशंसा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। प्रकाश ने कहा कि सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामला पूरी तरह फर्जी है। स्व सूर्या हांसदा का एनकाउंटर नहीं बल्कि पत्थर माफिया, दलाल बिचौलियों के इशारे पर राज्य की पुलिस ने हत्या की है। उक्त बातें मंगलवार को दीपक प्रकाश ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। उन्होंने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की इस संबंध ने जारी जांच रिपोर्ट के आलोक में कहा कि रिपोर्ट में साफ हो गया है कि सूर्या हांसदा की हत्या करायी गयी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अनुसूचित जनजाति आयोग में जांच के लिए 16 अगस्त को लिखित आवेदन किया था जिसे संज्ञान में लेते हुए आयोग ने जांच की है। जांच में आयोग के सदस्य निरुपम चकमा, आशा लकड़ा सहित 6 अन्य अधिकारी शामिल हुए। 12 सितंबर को गृह मंत्रालय भारत सरकार को पत्र लिखकर सीबीआइ जांच की अनुशंसा की है और आवेदक के रूप में मुझे भी प्रतिलिपि प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि जांच टीम के समक्ष आरोपी पुलिस पदाधिकारियों का उपस्थित नहीं होना, तथाकथित मुठभेड़ स्थल पर कोई जंगल नहीं होना बावजूद इसके दो घंटे मुठभेड़ दिखाना, मीडिया को घटना स्थल से दूर रखना, सूर्या हांसदा को बिना कोई वारंट के 24 घंटे से ज्यादा पुलिस कस्टडी में रखना, न्यायिक अधिकारी के समक्ष पेश नहीं करना, घटना स्थल पर खून के धब्बे नहीं होना जैसे साक्ष्य तथाकथित मुठभेड़ को कटघरे में खड़ा कर रहे। उन्होंने मीडिया को जांच रिपोर्ट के साथ फोटो भी दिखाया जिसमें गोली के स्थान पर काले धब्बे स्पष्ट दिखायी पड़ रहे, चित्र में जलने के भी निशान हैं जो बताता है कि मुठभेड़ की कहानी पूरी तरह मनगढ़ंत है। उन्होंने कहा कि स्व सूर्या हांसदा एक राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता थे। संथाल परगना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर राज्य सरकार के संरक्षण में पल रहे पत्थर माफिया, दलाल, बिचौलियों का विरोध करते थे। इसलिए वे ऐसे लोगों के निशाने पर थे। उन्होंने कहा कि एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में स्व सूर्या हांसदा सैकड़ों अनाथ, बेसहारा, गरीब बच्चों के मसीहा थे। राज्य सरकार के इशारे पर उनकी हत्या करायी गयी। उन्होंने कहा कि सीआइडी जांच से इसका समाधान नहीं बल्कि लीपापोती होगी। वहीं राज्य सरकार के पदाधिकारी क्या इंसाफ करेंगे जिनपर हत्या का आरोप है। इसलिए इसकी सीबीआइ जांच ही एकमात्र समाधान है। उन्होंने राज्य सरकार से इस घटना की अविलंब सीबीआइ जांच कराने के लिए अनुशंसा करने की मांग की। साथ ही उनके परिजनों को सख्त सुरक्षा मुहैया कराने की भी मांग की। साथ ही निष्पक्ष जांच को सुनिश्चित कराने के लिए आरोपी पुलिस पदाधिकारियों का अविलंब स्थानांतरण करने की मांग की। प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, प्रदीप सिन्हा, सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी उपस्थित थे।

# सूर्या हांसदा प्रकरण: भाजपा की बयानबाजी भ्रामक और सस्ती राजनीति : विनोद पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद पांडेय ने सूर्या हांसदा प्रकरण को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा दिये गये बयानों को बेहद भ्रामक, तथ्यहीन और राजनीतिक लाभ के लिए की गयी सस्ती बयानबाजी करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं के बीच यह चर्चा है कि राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश व्यक्तिगत लाभ के लिए सूर्या हांसदा मामले को तूल दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जिस तरह इस गंभीर मामले को सियासी मंच बना रही है, वह न केवल पीड़ित परिवार के साथ अन्याय है, बल्कि आदिवासी समाज का भी अपमान है। भाजपा को प्रदेश की जनता को बताना चाहिए कि सूर्या पर दर्ज 24 से अधिक मुकदमों का सच क्या था और क्या अवैध खनन व तस्करी में भाजपा से जुड़े कुछ चेहरे शामिल नहीं रहे हैं? विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा अपने दिल्ली वाले आकाओं के इशारे पर नाचे बिना रह नहीं पाती। प्रदेश की लोकप्रिय हेमंत सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र ही भाजपा का अंतिम ध्येय बनकर रह गया है। हद हो गयी है। बार - बार समझाने पर नर्सरी के बच्चे भी विषय को समझ जाते हैं, लेकिन भाजपा जो गंदा खेल खेलना चाह रही है वह झारखंड में मुमकिन ही नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सूर्या हांसदा का एनकाउंटर उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि के कारण हुआ। राज्य सरकार ने शुरुआत से ही इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया है और न्यायिक जांच के साथ-साथ सीआइडी जांच भी प्रक्रियाधीन है। भाजपा नेताओं को बिना ठोस प्रमाण के पुलिस और सरकार को कटघरे में खड़ा करने के बजाय जांच एजेंसियों पर भरोसा रखना चाहिए। विनोद पांडेय ने जोर देकर कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जांच में अगर कोई पुलिस पदाधिकारी या अन्य व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी। हेमंत सरकार न्याय दिलाने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है, इसमें कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने भाजपा पर आदिवासी समाज के दुख-दर्द से बेपरवाह होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सूर्या हांसदा को सामाजिक कार्यकर्ता बताकर भाजपा जनता की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रही है।

आदिवासी समाज अपराधियों को स्वीकार नहीं करता। भाजपा को अपने नेताओं की संलिप्तता पर जवाब देना चाहिए, न कि संवेदनशील मुद्दों पर सस्ती राजनीति करनी चाहिए। विनोद पांडेय ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे जिम्मेदारी से पेश आयें और जांच पूरी होने तक धैर्य रखें, ताकि सत्य सामने आ सके।

# मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया जेसीआइ एक्सपो उत्सव का उद्घाटन

## 400 स्टॉल से गुलजार हुआ मोरहाबादी मैदान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेसीआइ के एक्सपो उत्सव से मंगलवार की शाम मोरदाबादी मैदान गुलजार हो गया। शाम साढ़े पांच बजे सात दिनी उत्सव का उद्घाटन मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा, मानो विदेश के किसी कार्यक्रम में शरीक हुए हैं। उन्होंने जेसीआई की सराहना करते हुए कहा कि इस आयोजन से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

### स्थानीय और देश-विदेश के उत्पादों के क्या कहने

जेसी ऋषभ जैन ने स्वागत कर मंत्री योगेंद्र प्रसाद का जेसीआइ के कार्यों से रूबरू कराया। अध्यक्ष प्रतीक जैन ने एक्सपो का बिगुल बजाया और सुभारंभ की घोषणा की। मेला के चीफ सिद्धार्थ जयसवाल ने कहा कि इसमें लोकल स्टॉल्स को बढ़ावा दिया गया है। स्टार्ट अप जोन में नये व्यापारियों और उनके व्यापार को बढ़ावा मिले, इसलिए रियायती दरों पर उन्हें स्थान दिया गया है। एक्स्पो में पिंक हैंगर, एग्जीबिटर हैंगर, फनगोला, फूड कोर्ट, अर्बन जोन, ऑटो जोन, कंज्यूमर हैंगर का अलग आकर्षण हैं। मैदान के बीचों बीच मनमोहक सजावट की गयी है। गांव और हाट-बाजार का दृश्य लुभावना तो है ही, चार सौ स्टॉलो पर स्थानीय और देश-विदेश के स्टॉलों के क्या कहने। एक ओर देखो तो दूसरी ओर मन खिंचा चला जाता है। शुभारंभ मौके पर विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष और सचिव, जेसीआइ के सदस्य, एक्सपो उत्सव के स्पॉन्सर्स के साथ पार्टनर्स भी मौजूद थे। अब 22 सितंबर तक हर दिन इवेंट होते रहेंगे। बुधवार को एक्सपो ट्रेजर हंट और डॉग शो का होगा।

# भय-नक्सल मुक्त झारखंड के लिए हेमंत सरकार प्रतिबद्ध : धीरज दुबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के मीडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य भयमुक्त और नक्सल मुक्त झारखंड की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। अपराधियों और नक्सलियों पर लगातार हो रही सख्त कार्रवाई ने कानून-व्यवस्था को नयी मजबूती दी है। हाल के महीनों में कई दुर्दांत अपराधियों और इनामी नक्सलियों का खात्मा किया गया है। इसने आम जनता में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और प्रबल किया है। झारखंड दशकों से नक्सल समस्या से जूझता रहा है, लेकिन मौजूदा सरकार ने इसे निर्णायक ढंग से खत्म करने का बीड़ा उठाया है। गढ़वा, चतरा, लातेहार और पश्चिमी सिंहभूम जैसे जिलों में पुलिस और केंद्रीय बलों के संयुक्त अभियान ने कई मोस्ट वांटेड और इनामी नक्सलियों को ढेर कर दिया है। जिन इलाकों में कभी नक्सली दबदबा रखते थे, वहां अब विकास की योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। राज्य के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अपराधियों पर लगाम कसने के लिए ताबड़तोड़ कार्रवाई हुई है। हत्या, लूट, रंगदारी और आगजनी जैसी घटनाओं में शामिल कई कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ों में खत्म किया गया है। झामुमो ने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार न सिर्फ अपराधियों पर शिकंजा कस रही है, बल्कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में भी गंभीर है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के बेटे की हत्या के मामले में शामिल अपराधियों को पुलिस ने हाल ही में मुठभेड़ में ढेर कर दिया। सबसे ज्यादा शासन करने वाली भाजपा अपने ही नेता के साथ न्याय नहीं कर पा रही थी। यह घटना इस बात का प्रतीक है कि राज्य सरकार अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शने वाली नहीं है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कमान अधिकारी ने किया निरीक्षण



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड बटालियन एनसीसी रांची 19 के कमान अधिकारी कर्नल रोहित नंदन प्रसाद ने 2/19 झारखंड बटालियन एनसीसी, डीएसपीएमयू, निरीक्षण किया। सबसे पहले एनसीसी कैडेट ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद उन्होंने कंपनी ऑफिस का निरीक्षण कराया। सीक्यूएमएस कैडेट प्रियंका मुंडा ने ब्रीफिंग दी। एएनओ कैप्टन डॉ जीसी बास्के ने सीओ और एसएम को 2024-25 में कराए गए ट्रेनिंग और सभी प्रकार के सामाजिक कार्यों अवगत कराया। सीओ ने विभिन्न ट्रेनिंग में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे मैप, मैग्नेटिक कैंपस, मिलिट्री सिंबल्स तथा चार्ट्स का भी निरीक्षण किया। साथ ही कंपनी के रखे जाने वाले रजिस्टरों को भी बारीकी से देखा। बाद में डीएसपीएमयू कंपनी ऑफिस में रखे विजिटर बुक में अपने महत्वपूर्ण सुझाव और मंतव्य लिखे। अंत में सीओ ने कैडेटों को संबोधित करते हुए मीडिया, साइबर सिक्योरिटी और करियर काउंसलिंग से संबंधित जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन एएनओ कैप्टन डॉ जीसी बास्के ने किया।

### श्रीश्याम मंदिर में हुआ 171वां सुंदरकांड पाठ

रांची (आजाद सिपाही)। श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में मंगलवार को 171वां सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ किया गया। शाम चार बजे राजेश ढांढनीया ने पूजन कराया। इसके बाद श्रीश्याम मित्र मंडल के उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां और अरुण खुटेटा ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित किया। अरुण खुटेटा ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा की। फिर पाठ वाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने सहयोगियों के साथ सस्वर पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रवण ढानढनिया, पुष्पा देवी पोद्दार,मुकेश मित्तल, राजेश जयसवाल, अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया, अशोक लड़ियां, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, राजेश ढांढनीया, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, अरुण खूंटेटा, हर्ष कृष्णा कुमार आदि ने इसमें खास तौर से हिस्सा लिया। गौरव अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में बुधवार को रात साढ़े नौ बजे से संकीर्तन होगा।


भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री
आदरणीय
नरेंद्र मोदी जी
को 75वें जन्मदिन की
अनंत
शुभकामनाएं
ईश्वर से आपके
उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी
जीवन की कामना करता हूँ।
एक शुभचिंतक
रांची

# वक्फ कानून पर आशंकाएं दूर होंगी

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर रोक नहीं लगायी, लेकिन उसके कुछ प्रावधानों में संशोधन किया है या उन्हें रोका है। शीर्ष अदालत का फैसला पूरी तरह तार्किक है, जिसमें संतुलन का पूरा ध्यान रखा गया है। उम्मीद है कि इस फैसले से वे आशंकाएं दूर हो जायेंगी, जो इस नये कानून को लेकर जताई जा रही थीं।

**संविधान के अनुरूप :** सुप्रीम कोर्ट की ओर से किए गए संशोधन महत्वपूर्ण और जरूरी हैं। इनमें संविधान की भावनाओं का ख्याल रखा गया है। एक अहम संशोधन यह है कि शीर्ष अदालत ने वक्फ संपत्ति जांच के प्रावधानों पर आंशिक रूप से रोक लगा दी। नामित अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर ही किसी प्रॉपर्टी को गैर-वक्फ नहीं माना जा सकता।

**शक्ति का संतुलन :** अदालत ने संपत्ति अधिकार तय करने की ताकत जिलाधिकारी को देने को संविधान में की गई व्यवस्था-शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ माना। यह व्यवस्था इसलिए की गयी है, ताकि लोकतंत्र के तीनों अहम अंगों-विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति का संतुलन बना रहे। एक पक्ष की ओर पलड़े का थोड़ा भी झुकाव व्यवस्था के संतुलन को बिगाड़ देगा। किसी एक ही अंग में सारी शक्तियां इसलिए भी निहित नहीं हैं, ताकि उसे निरंकुश होने से रोका जा सके।

> वक्फ संशोधन अधिनियम के कई बिंदुओं पर विपक्ष को गहरी आपत्ति थी। इसे लेकर दोनों सदनों में और सड़क पर भी काफी हंगामा हुआ। इस मामले की गंभीरता और उसके असर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट का फैसला जिम्मेदारी भरा है।

**संवेदनशीलता की जरूरत :** इसी तरह, वक्फ करने के लिए न्यूनतम 5 बरसों तक इस्लाम का अनुयायी होने के प्रावधान पर तब तक रोक रहेगी, जब तक राज्य सरकारें इसके सत्यापन के लिए नियम नहीं बना लेतीं। देश में धर्म व्यक्तिगत मामला है और यह जरूरी नहीं कि कोई नागरिक अपनी धार्मिक पहचान का सार्वजनिक प्रदर्शन करे। तो यह तय करना कि कोई किसी धर्म को कब से मान रहा है, बेहद जटिल है। राज्य सरकारों से उम्मीद है कि इस बारे में नियम बनाते समय वे सभी पहलुओं का ध्यान रखेंगी और ज्यादा संवेदनशीलता बरतेंगी।

**जिम्मेदारी भरा निर्णय :** वक्फ संशोधन अधिनियम के कई बिंदुओं पर विपक्ष को गहरी आपत्ति थी। इसे लेकर दोनों सदनों में और सड़क पर भी काफी हंगामा हुआ। इस मामले की गंभीरता और उसके असर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट का फैसला जिम्मेदारी भरा है। याचिका में पूरे कानून को रद्द करने की मांग की गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसे नहीं माना। इस तरह के कदम बेहद दुर्लभ मामलों में उठाये जाते हैं और इनका प्रभाव बहुत व्यापक होता है। इस मायने में सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक विवेक का इस्तेमाल किया, और यह भी ध्यान रखा कि विधायिका के साथ सीमाओं का अतिक्रमण न हो।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ, करोड़ों लोगों को, जो पहले वित्तीय प्रणाली की पहुंच से बाहर थे, उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है। ओड़िशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया।**

# भारत की डिजिटल क्रांति: परिवर्तन का एक दशक और भावी योजना



राव इंद्रजीत सिंह





पिछले एक दशक में भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आयी है, जो असाधारण है। जो प्रक्रिया लक्षित प्रौद्योगिकीय अंतः क्षेपों की एक श्रृंखला के रूप में शुरू हुई थी वह अब एक व्यापक परिवर्तन के रूप में विकसित हो चुकी है, जो भारतीय जीवन के लगभग हर पहलू जैसे अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, वाणिज्य, और देश के कोने-कोने में बसे किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन को भी प्रभावित कर रही है।

यह यात्रा आकस्मिक नहीं थी। इसे भारत सरकार द्वारा ठोस नीति निर्धारण, अंतरमंत्रालयी सहयोग, और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है।

जब संबद्ध मंत्रालयों जैसे इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमइआइटीवाइ), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), कृषि मंत्रालय, और अन्य मंत्रालयों ने बड़े पैमाने में जमीनी स्तर पर परियोजनाओं को पूरा किया, तो दूसरी ओर नीति आयोग ने अभिसरण को बढ़ावा देकर, विचारों को नेतृत्व देकर, और स्केलेबल, नागरिक-प्रमुखता वाले नवाचारों की ओर प्रणाली को प्रेरित कर नीति इंजन का काम किया है।

> आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआइ के माध्यम से लेनदेन होते हैं।

जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ, करोड़ों लोगों को, जो पहले वित्तीय प्रणाली की पहुंच से बाहर थे, उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है। ओड़िशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया। उनकी कहानी भारत भर के करोड़ों लोगों की कहानी बन गयी है। यह वृहद वित्तीय समावेशन आंदोलन वित्त मंत्रालय के समर्थन और आधार तथा मोबाइल पैठ की सक्षम सहायता से अगला कदमः एक वित्तीय-प्रौद्योगिकी विस्फोट का आधार बना।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआइ) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया, यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्जी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआइ के माध्यम से लेनदेन होते हैं और यहां तक कि सड़क किनारे के विक्रेता वाले भी एक साधारण क्यूआर कोड के जरिए डिजिटल भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। इसी दौरान, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारत के डिजिटल अवसंरचना के मुख्य तंत्र को धीरे-धीरे और निरंतरता से तैयार किया जा रहा है।

भारतनेट जैसी परियोजनाओं ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड पहुंचाया है, जबकि इंडिया स्टैक ने कागज-रहित, उपस्थिति-रहित और नकदी-रहित सेवाओं का ढांचा तैयार किया।

डिजी-लॉकर ने छात्रों को अपने प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में रखने, और इ-हस्ताक्षर ने महत्वपूर्ण दस्तावेजों के लिए दूरस्थ प्रमाणीकरण प्रदान किया। डिजी-यात्रा एक अग्रणी पहल है, जो चेहरे के पहचान की तकनीक का उपयोग करके निर्बाध, कागज-रहित और संपर्क-रहित हवाई यात्रा को संभव बनाती है।

यह त्वरित चेक-इन, बेहतर यात्री अनुभव और बेहतर हवाई अड्डे की क्षमता में सुधार सुनिश्चित करती है। साथ ही विकेंद्रीकृत पहचान प्रबंधन के माध्यम से डेटा गोपनीयता की सुरक्षा भी करती है। यह भारतीय विमानन के भविष्य की तैयारी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मात्र ऐप ही नहीं हैं - ये एक डिजिटल गणराज्य की आधारशिला हैं।

डिजिटल गवर्नेंस ने भी गवर्नमेंट इ-मार्केटप्लेस (जेम) के शुभारंभ के साथ बड़ी उछाल लगाई है। सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए डिजाइन किये गये, जेम ने 1.6 लाख से अधिक सरकारी क्रेताओं को 22 लाख से अधिक विक्रेताओं से जोड़ा है - जिसमें महिला उद्यमियों और एमएसएमइ की बढ़ती संख्या शामिल है।

राजस्थान के एक छोटे हस्तशिल्प विक्रेता के लिए, इसका अभिप्राय सरकारी संविदाओं तक पहुंच प्रदान करना था जो पहले अकल्पनीय था।

कृषि क्षेत्र, जिसे प्रायः परिवर्तन के प्रतिरोधी के रूप में देखा जाता है, ने भी डिजिटल साधनों को अपनाना शुरू कर दिया है। पीएम-किसान जैसे प्लेटफॉर्म ने यह सुनिश्चित किया कि आय सहायता किसानों तक सीधे पहुंचे। इ-नैम ने राज्यों की कृषि मंडियों को जोड़ा, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सके। डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने उन्हें यह समझने में मदद की कि उन्हें कौन सी फसलें उगानी चाहिए और अपनी भूमि में कौन से पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। झारखंड के ग्रामीण-क्षेत्रों में, स्थानीय उद्यमियों द्वारा संचालित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) उनके लिए एक प्रकार से डिजिटल जीवन रेखा बन गये, जो टेली-मेडिसिन से लेकर बैंकिंग और कौशल विकास कार्यक्रमों तक, हर चीज की पेशकश करते हैं।

महामारी भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए एक कठिन परीक्षा थी, जिसमें हम बखूबी सफल हुए। स्कूल बंद होने के बावजूद, दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफॉर्मों ने यह सुनिश्चित किया कि पढ़ाई अनवरत चलती रहे। लद्दाख और केरल के छात्र भी भारत भर के शिक्षकों द्वारा तैयार की गयी शिक्षण सामग्री का प्रयोग कर सकते हैं। साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने अपना आकार लिया, जिससे नागरिकों को एक डिजिटल आइडी के माध्यम से अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुंच प्राप्त हुई और अस्पतालों एवं राज्यों में एक सहज वातावरण बन सका। वाणिज्य में भी एक शांत क्रांति देखी गयी। डीपीआइआइटी की एक पहल, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) अब छोटी किराना दुकानों और हथकरघा बुनकरों को बड़ी इ-कामर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रही है।

डिजिटल कॉमर्स के कार्यों को एकीकृत करके, ओएनडीसी प्रतिस्पर्धा के मैदान को समतल कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे व्यवसाय आसानी से लॉजिस्टिक्स, भुगतान और ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणालियों तक पहुंच सकें।

नीति आयोग की अभिसरण भूमिका–मंत्रालयों, राज्यों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत को एकजुट करना है–जो सुनिश्चित करता है कि डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएँ अंतर-संचालनीय, समावेशी और स्केलेबल हों। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नये आयाम उभर रहे हैंः एआई-सक्षम शासन, विकेंद्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएं, जो देश के सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुंच सकती हैं। लेकिन यह सिर्फ एक सरकारी सफलता से जुड़ी कहानी नहीं है। यह एक राष्ट्र की कहानी है–करोड़ों नागरिकों की कहानी है, जिन्होंने बदलाव को अपनाया, उद्यमियों की कहानी है, जो डिजिटल रेल पर आगे बढ़े, और स्थानीय लीडरों की कहानी है जिन्होंने सेवा वितरण की नयी कल्पना की। भारत का डिजिटल दशक सिर्फ. तकनीक का नहीं है–यह बदलाव का दशक भी है और यह कहानी का अभी प्रारंभिक चरण ही है।

**(लेखक : सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# विधायक सरयू राय ने एक करोड़ की लागत से कपाली नाला पर पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को मानगो के जाकिरनगर स्थित अवैस करनी मस्जिद के समीप कपाली नाला पर पुल निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह पुल ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की योजना के तहत 1 करोड़ 1 लाख रुपये की लागत से बनाया जायेगा। इस अवसर पर विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि पप्पू सिंह, पिंटू सिंह, कुलविंदर सिंह पन्नू, वीरु सिंह, बाला प्रसाद, भोला सिंह, वैभव सिंह, छट्ठू रावत, नीरू सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, निसार, फिरोज खान, लटन, शाकिर और संजू आदि उपस्थित रहे।

# जाति प्रमाण पत्र चालू कराने की मांग लेकर मंत्री से मिले प्रतिनिधिमंडल



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। अनुसूचित जाति समन्वय समिति जमशेदपुर महानगर के एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से रांची स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर जाति प्रमाण पत्र निर्गमन में आ रही बाधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को पूर्व विधायक कुणाल सारंगी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधियों ने बताया जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने की प्रक्रिया लंबे समय से बाधित है, जिससे समाज के लोगों को कई योजनाओं और शैक्षणिक लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। मंत्री चमरा लिंडा ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया वे इस मुद्दे को आगामी विधानसभा सत्र में उठाएंगे और जल्द से जल्द इसका समाधान सुनिश्चित करेंगे।

# बाहरगोड़ा में मना राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 43,200 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिले के पी.एम.श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बाहरगोड़ा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उत्पल मुर्मू और जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ. राजीव लोचन महतो ने अलबेन्डाजॉल दवा का सेवन कर किया। डॉ. राजीव लोचन महतो ने विद्यालय की छात्राओं को कृमि मुक्ति दवा के सेवन के लाभों के बारे में जानकारी दी। डॉ. उत्पल मुर्मू ने बताया बाहरगोड़ा प्रखंड में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 43,200 बच्चों को कृमि मुक्ति दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दुर्गा उरांव, डेमियन फाउंडेशन के प्रतिनिधि दुर्योधन बागती, विद्यालय की वार्डन विनीता, शिक्षक और कर्मी उपस्थित रहे।

# टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी और यूनियन के बीच बोनस समझौता

## 21 कर्मचारियों को मिलेगा न्यूनतम ₹12,200 और अधिकतम ₹20,250

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी और यूनियन के बीच वर्ष 2024-25 के लिए बोनस समझौता संपन्न हुआ। यह समझौता दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ, जो कर्मचारियों के योगदान की सराहना और सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



समझौते के अनुसार सभी पात्र कर्मचारियों को 8.33% की दर से प्रदर्शन प्रोत्साहन राशि दी जायेगी, जो 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के वेतन पर आधारित होगी।

न्यूनतम राशि 12,200 और अधिकतम राशि 20,250 कर्मचारियों को दिया जायेगा। इससे ऊपर पाने वाले कर्मचारियों को अतिरिक्त 1,000 मिलेगा। कुल 4.37 लाख की राशि 21 कर्मचारियों के बैंक खाते में अगले दो से तीन दिनों में भेज दी जायेगी। समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान प्रबंधन की ओर से प्रणय सिन्हा,विकास कुमार, डॉ नैम अख्तर और डॉ एम पालित जबकि यूनियन की ओर से रघुनाथ पांडेय (अध्यक्ष) सहित अन्य पदाधिकारियों शामिल रहे। दोनों पक्षों ने इस समझौते को कर्मचारियों के कल्याण और संगठन के विकास हेतु मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

# ठाकुर अनुकूलचंद्र का 138वां आविर्भाव दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मना



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी सिंहभूम के बड़ाजामदा सत्संग विहार में मंगलवार को युगपुरुष श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का 138वां आविर्भाव दिवस अत्यंत श्रद्धा,भक्ति व उल्लास के वातावरण में मनाया गया।मंगलवार को कार्यक्रम में नोवामुंडी, किरीबुरु, गुवा, झींकपानी समेत आसपास के क्षेत्रों से हजारों हजार श्रद्धालु उपस्थित हुए।कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 5:33 बजे सामूहिक प्रार्थना और मांगलिक गान से हुई, इसके बाद ग्रंथ पाठ, भजन-कीर्तन और धर्मसभा का आयोजन किया गया। धर्मसभा में वक्ताओं ने ठाकुर जी के जीवन-दर्शन, प्रेम, करुणा, और समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋत्विक अमरनाथ ठाकुर ने की। उन्होंने कहा मानव शरीर सौभाग्य से मिलता है। अतः इसे जन-जन के कल्याण में लगाना ही सच्ची साधना है। उन्होंने यजन और याजन के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# बिजली समस्याओं के समाधान को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल बिजली विभाग के महाप्रबंधक से मुलाकात की। मंगलवार को मुलाकात के दौरान जनहित से जुड़ी नौ प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न पंचायतों में जर्जर बिजली पोलों की मरम्मत, नए ट्रांसफॉर्मर की स्थापना, स्ट्रीट लाइट की कमी, अधूरा विद्युतीकरण, तथा खतरनाक स्थिति में लगे बांस के पोलों को हटाकर स्थायी पोल और केबल तार लगाने जैसी मांगें रखीं। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कांग्रेस पार्टी आम जन की समस्याओं को लेकर सजग है और समाधान के लिए संघर्षरत रहेगी। महाप्रबंधक ने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर उपाध्यक्ष राजकिशोर यादव, ब्रजेंद्र तिवारी,संजय सिंह आजाद, लड्डन खान, राजीव मिश्रा, शमशेर आलम, मुन्ना मिश्र, रंजीत सिंह, सन्नी सिंह, सुशील घोष, अजय कुमार यादव, निखिल कुमार समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे।

# कांदरबेरा क्षेत्र में अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई, जेसीबी, हाइवा, ट्रैक्टर जब्त



सरायकेला (आजाद सिपाही)। खरसावां जिला प्रशासन ने चांडिल क्षेत्र में अवैध खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस बल की उपस्थिति में सोमवार को कांदरबेरा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में दो जेसीबी वाहन, एक हाइवा, दो ट्रैक्टर माउंटेड ड्रिलिंग मशीन और लगभग 1800 घनफीट पत्थर खनिज जब्त किये गये। जमीन मालिक, वाहन मालिक/चालक और अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति ने कहा कि अवैध खनन पर नियंत्रण प्रशासन की प्राथमिकता है और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जायेगी। क्षेत्र में अवैध खनन रोकने के लिए नियमित निरीक्षण और संयुक्त गश्ती अभियान चलाये जायेंगे।

# गुवा शहीद स्थल मैदान की मरम्मत की मांग



गुवा (आजाद सिपाही)। गुवा सेल का ऐतिहासिक फुटबॉल मैदान स्थानीय खेल संस्कृति और शहीदों की स्मृति के प्रतीक है। लेकिन इन दिनों उपेक्षा और बदहाली का शिकार हो गया। 8 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम के लिए इस मैदान में जनसभा आयोजित की गयी थी।कार्यक्रम के दौरान गड्ढे खोदे गए और बालू-गिट्टी बिछाई गयी थी। कार्यक्रम के बाद मैदान की मरम्मत या सफाई की कोई पहल नहीं की गयी, जिससे स्थानीय युवाओं में नाराजगी है। बोकना गांव के मुंडा विक्रम चांपिया ने चिंता जताते हुए कहा मैदान की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है।यह जानबूझकर बबार्दी की ओर ढकेला गया प्रतीत होता है। उन्होंने इसे गुवा की खेल पहचान से जोड़ते हुए चेतावनी दी खेल मैदान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# धालभूम में एसडीएम की नियुक्ति शीघ्र हो : अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। समाजवादी चिंतक सह अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने राज्य के हेमंत सोरेन सरकार से धालभूम अनुमंडल में स्थायी एसडीएम की शीघ्र नियुक्ति की मांग की। उन्होंने कहा एसडीएम पद पर प्रभारी अधिकारी तैनात होने से प्रशासनिक निर्णयों में त्वरितता और प्रभावशीलता की कमी होती है। किराया विवाद, अतिक्रमण, भूमि विवाद जैसे मामलों में एसडीएम की न्यायिक भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।श्री पप्पू ने कहा जमशेदपुर एक महत्वपूर्ण औद्योगिक शहर है। आगामी दुर्गा पूजा जैसे बड़े आयोजनों को देखते हुए प्रशासनिक तैयारी के लिए स्थायी एसडीएम की नियुक्ति जरूरी है।उन्होंने सरकार से अपील की जनहित को ध्यान में रखते हुए योग्य अधिकारी की पदस्थापना अविलंब की जाये।

## महत्वपूर्ण खबरें

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में आज रक्तदान शिविर लगेगा



रातू (आजाद सिपाही)। सेवा पखवाड़ा के निमित्त गोविंद नगर के शिव दुर्गा मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को रातू पूर्वी मंडल के अध्यक्ष परमेश्वर गोप की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसका संचालन शशिकांत सिंह ने किया। बैठक में बतौर प्रभारी रांची जिला ग्रामीण के पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार का आगमन हुआ। बैठक में 17 सितंबर मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में रक्तदान एवं रातू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण का निर्णय लिया गया। आगामी 25 सितंबर को भाजपा के युग पुरुष स्वर्गीय श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती सभी पंचायतों में मनाने का निर्णय लिया गया। 25 से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के साथ समापन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखंड प्रदेश के वरिष्ठ नेता अजय तिवारी, रांची जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष सुधाकर चौबे, जिला मंत्री चूड़ामणि महतो, कार्यालय मंत्री संजीव तिवारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नेहा सिंह, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक राणा सिंह, गवर्नमेंट भगत, पंचम महतो, विनय शर्मा, शिवानी, धीरन गोप, अनिल गोप, सुरेंद्र महतो, शिव शंकर, विनोद ठाकुर, सूरज सिंह, शैलेश तिवारी, अनिल सिंह इत्यादि उपस्थित हुए।

### जनता दरबार में 81 मामलों का निष्पादन



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। अंचल कार्यालय में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में 81 मामलों का ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया। सीओ राजू कमल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पारिवारिक सदस्यता के 7, आवासीय प्रमाण पत्र के 16, जाति प्रमाण पत्र के 12, आय प्रमाण पत्र के 29, आपदा के 3, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना हेतु आय के 1 एवं ऑनलाइन सुधार के 11 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। मौके पर सीओ ने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर हर मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में लोगों के जमीन संबंधी मामलों का त्वरित समाधान सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जनता दरबार में सीआई सुखदेव कच्छप, राजस्व उप निरीक्षक इम्तियाज अंसारी, शोएब अंसारी, मनीष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी ने की जरूरतमंदों को आर्थिक मदद



रांची (आजाद सिपाही)। फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी ने जरूरतमन्दो को आर्थिक सहायता किया। पंडरा निवासी सोनम कुमारी, जो थैलेसीमिया नामक गंभीर बीमारी से पीड़ित है, उसे सोसाइटी ने उसके द्वारा ब्याज में लिए गए पैसे लौटाने में मदद की। साथ ही आर्थिक मदद भी किया। पढ़ाई और कपड़ों आदि के लिए पांच हजार रुपये का चेक भी प्रदान किया। सोनम ने मारवाड़ी कॉलेज में दाखिला लेने के लिए बड़ी मुश्किल से इंटर्रस्ट में पैसे लेकर अपना नाम लिखवाया था। वहीं डोरंडा के रहने वाले छात्र को सोसाइटी ने गॉस्नर कॉलेज में 12वीं कक्षा के रीएडमिशन के लिए चार हजार रुपये का चेक दिया। उनके पिता डोरंडा में टेलर का काम करते हैं। साथ ही साथ एक और छात्र को भी फ्रेंड्स ऑफ वीकर सोसाइटी ने पांच हजार रुपये का चेक देकर आगे की पढ़ाई जारी रखने में सहयोग किया। सोसाइटी के महासचिव कमर सिद्दीकी ने कहा कि तालीम हर बच्चे का हक है और किसी भी आर्थिक या किसी भी परेशानी के कारण किसी छात्रा की पढ़ाई नहीं रुकनी चाहिए। मौके पर लाहुबोलेगा के नदीम खान, मो नौशाद आदि मौजूद थे।

### मुरी रेल टेका को लेकर जनसंपर्क अभियान

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। कुरमी को आदिवासी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर 20 सितंबर को आहूत रेल टेका आंदोलन के दौरान कुरमी समाज के अगुआ रामपोदो महतो के नेतृत्व में मुरी रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के परिचालन को रोका जायेगा। इस रेल टेका आंदोलन को सफल बनाने के लिए रामपोदो महतो ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इसमें किशोर महतो, अजीत महतो, गोपाल महतो, दुबे महतो शामिल थे।

### सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा की कार्यशाला



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजन करेगी। इसकी तैयारियों को लेकर टोल प्लाजा स्थित मां भद्रकाली सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में कई कार्यक्रमों की घोषणा की गयी। मौके पर रामकुमार दुबे, रामनाथ महतो, अगमलाल महतो, सिकंदर अंसारी, संतोष महतो, जगेश्वर महतो, घनेनाथ महतो, सुप्रेश महतो, पुशनाथ मुंडा, रामेश्वर महतो, वीरसिंह नायक, दूर्गा पाहन, बन्नु बेदिया, हिमांशु शेखर चौधरी, गौरीशंकर मुंडा, एतवा बेदिया सहित अन्य उपस्थित थे।

### रातू-बाजपुर में जितिया जतरा का आयोजन



रातू (आजाद सिपाही)। जतरा मेला आदिवासी समाज की धरोहर है ये हमे विरासत से मिली है। हम आदिवासी मूलवासी का कर्तव्य है की हम इसे संरक्षित कर आगे ले जायें। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह जेसीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने कहीं। वे प्रखंड के बाजपुर में आयोजित जितिया जतरा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। पूर्व जिप सदस्य और सामाजिक अगुआ अमर उरांव ने लोगों से संगठित होने का आह्वान किया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव, मुखिया सविता तिर्की, दिनेश उरांव, रेणु तिर्की, चारे भगत, मुखिया सबिता तिर्की, उप मुखिया चम्पा देवी व सुकरा उरांव ने भी अपनी बातें रखी। आयोजन समिति की ओर से खोड़हा प्रमुख भी सम्मानित किये गये। इससे पूर्व पाहन एतवा उरांव ने जतरा खूंटा की पूजा-अर्चना की। संचालन पूर्व मुखिया सह प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुशल उरांव ने किया। सफल संचालन में बजरंग मुंडा, कुलदीप उरांव, अनुज तिर्की, सुनिल उरांव, तुरी उरांव, एतवा उरांव, सोनू गोप, अविनाश उरांव, जीतू उरांव, दिलीप उरांव, पप्पू उरांव, संदीप उरांव, रूपेश महली, अनिल उरांव, विजय उरांव, बिरसा मुंडा, सजीब राय, सुलतान राय, शशिकांत पाठक, अशोक महतो, धोचा पाहन, चरका उरांव, चमरा उरांव, लखन उरांव, गंगू उरांव, चारो, सचिदानंद मिश्र, रामू मिश्र, कामेश्वर पाठक, महेश्वर पाठक, सुभान राय, दुःखु उरांव ने भूमिका निभायी।

# उषा मार्टिन के कर्मचारियों को मिलेगा 27100 रुपये का बोनस

- वित्तीय वर्ष 24-25 के बोनस समझौता वार्ता में लिया गया निर्णय
- बोनस समझौता एक बेहतरीन संबंध का परिचायक : रामटहल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** उषा मार्टिन में काम करनेवाले कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए 27100 (सताईस हजार एक सौ रुपये) बोनस के रूप में मिलेंगे। वित्तीय वर्ष 24-25 की बोनस समझौता वार्ता सौहार्दपूर्ण वातावरण में यह निर्णय लिया गया। यह समझौता कंपनी के प्रबंधन एवं कामगारों के मान्यता प्राप्त संगठन इंजीनियरिंग मजदूर सभा, उषा बेल्ट्रान वर्कर्स यूनियन एवं उषा इसमाइल इंजीनियरिंग मजदूर सभा के बीच कई दौर की वार्ता के बाद संभव हुआ है।

समझौता के पश्चात मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों की ओर से अध्यक्ष रामटहल चौधरी ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में भी प्रबंधन ने मजदूर हित को सर्वोपरि रखा है। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एसबीएन शर्मा ने बोनस समझौता होने पर संतोष जताया है। उषा मार्टिन प्रबंधन और इंजीनियरिंग मजदूर सभा, उषा बेल्ट्रान वर्कर्स यूनियन एवं उषा इसमाइल इंजीनियरिंग मजदूर सभा के संयुक्त तत्वाधान में यह समझौता संपन्न हुआ। प्रबंधन की ओर से एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एसबीएन शर्मा, एचआर हेड एनएन झा, पर्सनल डिपार्टमेंट के वरीय अधिकारी मनीष राज, विवेक प्रभाकर, थॉमस वर्गीस तथा सुमित कुमार ने इस समझौता वार्ता में प्रतिनिधित्व किया। कामगार प्रतिनिधि इंजीनियरिंग मजदूर सभा के अध्यक्ष पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष आरके मिश्रा, महामंत्री दशरथ महतो, कोषाध्यक्ष विगना महतो, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, शहजनाथ महतो, विष्णु महतो, कामेश्वर पांडे, सहायक मंत्री प्रकाश बूत कुमार, बिगल लोहार, दुर्गा चरण मुंडा इसके अलावा कार्यकारी सदस्यों में धनेश्वर महतो उर्फ भोटे, रवींद्र दूबे, रंजीत कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, संतोष कुमार राय, विश्वनाथ कुमार, मंटू रिगेन, बिंदेश्वर महतो, जीतेंद्र सिंह, मोहन महतो रोपरी, मोहन महतो वायर मिल, संजय कुमार सिंह, राजेश तिग्गा, अविनाश कुमार सिंह उषा बेल्ट्रान वर्कर्स यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष विश्वकर्मा महतो, महामंत्री बादल बूतकुमार, सहायक मंत्री बीके राय, विष्णु पांडे, कोषाध्यक्ष सुखदेव महतो एवं कार्यकारी सदस्यों में सोनार कुमार, संजय शर्मा, संजय सिंह, राजकुमार सिंह, विश्वेश्वर महतो, बालेश्वर महतो, अविनाश सिंह, गंगाधर महतो, नागेश्वर महतो, शिवनाथ महतो, राजेश्वर महतो एवम उषा इस्माल इंजीनियरिंग मजदूर सभा के महामंत्री विष्णु महतो, कोषाध्यक्ष उमाशंकर महतो, सहायक मंत्री कजरू मुंडा एवं कार्यकारणी सदस्यों में बिरसा मुंडा, परवल महतो, विष्णुचरण महतो, नरेश लाल, जीतेंद्र आदि शामिल थे।

### आज नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम टाटीसिलवे रेलवे गुड्स शेड ट्रक ओनर एसोसिएशन नामकुम बुधवार को धूमधाम से भगवान विश्वकर्मा की पूजा करेगा। जिसे लेकर पूरी तैयारी कर ली गयी है। मंगलवार को एशोसिएशन के संरक्षक राजदेव सिंह यादव ने पंडाल का निरीक्षण किया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एसोसिएशन द्वारा नामकुम रेलवे क्रॉसिंग ओवर ब्रिज के समीप प्रतिमा स्थापित किया गया है। एशोसिएशन के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह यादव ने बताया कि श्रीश्री विश्वकर्मा पूजा समारोह की ओर से दोपहर 12 बजे बुजूर्गो का सम्मान, मैट्रीक और इंटर के मधावी छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृति वितरण समारोह, जरुरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी वितरण, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण और भव्य भंडारा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के अलावा विशिष्ट अतिथि राज्स सभा सांसद डां प्रदीप वर्मा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, वरिष्ठ संपादक विजय पाठक और श्री राम फाइनेंस के महाप्रबंधक कपीलदेव प्रसाद उपस्थित रहेंगे। इधर कार्यक्रम के सफल आयोजन में एशोसिएशन के उपाध्यक्ष अवधेश कुमार यादव, सचिव पीएन सिंह, कोषाध्यक्ष अनुज सिंह, सहकोषाध्यक्ष विनोद सिंह, प्रवक्ता साधु यादव, महामंत्री नागेंद्र सिंह आदि लगे हुए है।

### नामकुम में जगन्नाथ मंदिर के तर्ज पर बनेगा पूजा पंडाल



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थित नामकुम नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति द्वारा इस वर्ष आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। दुर्गा पूजा पंडाल जगन्नाथ मंदिर (पुरी) के प्रारुप में तैयार किया गया है। यहां पर दुर्गा पूजा का आयोजन कई वर्षो से होता आ रहा है। इस बार पंडाल की ऊंचाई 60 फिट और चौड़ाई 30 फिट होगी। जिसे बनाने के लिए टाटीसिलवे निवासी राजेश जायसवाल के कारीगर की पूरी टीम लगी हुई है। इधर, पूजा कमेटी के अध्यक्ष मनीष राय ने बताया कि जगन्नाथ मंदिर के तर्ज पर भव्य पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। पंडाल में आकर्षक विद्युत सज्जा, डेकोरेशन समेत कई चीजे श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगी।

### कृष्ण केशरी का अंतिम संस्कार संपन्न

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी साहित्यकार डॉ बी पी केशरी के छोटे भाई और पिठोरिया के पत्रकार सुजीत कुमार केशरी के पिता कृष्ण कुमार केशरी का अंतिम संस्कार पैतृक गांव पिठोरीया के किसान चौक स्थित श्मशान घाट में हुआ। मुखाग्नि उनके पुत्र सुधीर केशरी ने की। अंतिम संस्कार के दौरान माहौल गमगीन रहा। श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे लोगों ने कहा कि कृष्ण कुमार केशरी की कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। वे अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। अंतिम संस्कार में कांके विधायक सुरेश बैठा, सेंटेविटा अस्पताल रांची के ओनर अमित साहू, अपर महाधिवक्ता झारखंड सरकार जय प्रकाश,भाजपा नेता सह समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश, डिवाइन ओंकार मिशन के सचिव राजेश नागी, विश्व सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राज, डॉ अशोक केशरी, ई अनूप कुमार, अमित घोष, डॉ अमरेंद्र कुमार, डॉ संजय केशरी, पंचस श्रवण गोप, ग्राम प्रधान रामलगन मुंडा, पत्रकार, समाजसेवी और नागरिक उपस्थित थे।

### हिंदी केवल भाषा नहीं, सांस्कृतिक आत्मा की अभिव्यक्ति है : डॉ दीपाली पराशर



**मांडर (आजाद सिपाही)।** भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कंदरी, मांडर में 12 से 16 सितंबर तक हिंदी दिवस पखवाड़ा हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या डॉ दीपाली पराशर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक आत्मा की अभिव्यक्ति है। इसे जानना, समझना, अपनाना हमारा कर्तव्य है। समापन सत्र में रीभा कुमारी ने प्रतिभागियों, अतिथियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

### शिक्षक-बच्चों का संबंध अटूट हो: कृष्णा नायक

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के एस एस+2 हाई स्कूल ककरिया के दर्जनों छात्र छात्राओं ने स्कूल की अंग्रेजी शिक्षिका संचिता टोपनो पर बेवजह का मारपीट व गाली गलौज कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी के नाम शिकायत सौंपा गया। मौके सीएमसी सदस्य कृष्ण नायक, बलिराम, दुर्गा महतो, रानीक तिर्की, पालो मुंडा, दिलमोहन जैसवाल, संजय साहू , महादेव लोहरा, रांथू मुंडा, जोसेफ उरांव ने शिक्षकों के व्यवहार की निंदा किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक छात्र का संबंध अटूट होना चाहिए।

### सीआइटी में ओरिएंटशन कम इंडक्शन कार्यक्रम 'जानकी 25' शुरू



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में मंगलवार को ओरिएंटशन कम इंडक्शन प्रोग्राम 'जानकी 25' की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन जेयूटी के कुलपति डॉ डीके सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची विवि के रजिस्ट्रार डॉ जी.सी. साहू, जेयूटी के परीक्षा नियंत्रक निर्मला सोरेन, कैंब्रिज ट्रस्ट की संयुक्त सचिव डॉ पल्लवी सिंह, सुनीता नाथ आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। मुख्य अतिथि डॉ डीके सिंह ने कहा कि विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसपर अपना ध्यान केंद्रित करें। निरन्तर प्रयास से सफलता अवश्य मिलेगी। विद्यार्थी अपने कम्युनिकेशन स्कील को विकसित करने पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने विवि द्वारा विद्यार्थी हित में चलाये जा रहे अतिरिक्त पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थी आसानी से इसका लाभ ले सकते है। कार्यक्रम को रांची विवि के रजिस्ट्रार डॉ जी.सी. साहू, जेयूटी के परीक्षा नियंत्रक निर्मला सोरेन, प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, उपप्राचार्य प्रो. रसिका नवनीत सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद अतिथियों ने संस्थान परिसर में पौधरोपण किया। बताते चले कि बी.टेक, एम. टेक, व एमबीए के नावागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए आयोजित यह कार्यक्रम 21 दिनों तक चलेगा। मंच संचालन एमबीए विभागध्यक्ष डॉ शालिनी सिंह ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए खेलकूद, क्विज, क्षेत्र भ्रमण आदि बिभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रोग्राम डीन अकेडमिक अरशद उस्मानी, डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, डॉ रणवीर कुमार, प्रो अंकित सिंह, डॉ डीके सिंह, प्रो रिया सिंह, प्रो स्वेता सोनाली धॉल, प्रो दीपक कुमार वर्मा, डॉ नवीन कुमार उपस्थित थे।

## बेड़ो के महादानी मंदिर परिसर में 73 वर्षों से हो रही मां दुर्गा की पूजा

# 50 फिट रावण का दहन, आतिशबाजी होगी आकर्षण का केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में मां दुर्गा पूजा 73 साल से हो रही है। आजादी के बाद समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा 1952 ई में स्व जादव नाथ देवघरिया, रुंजु सेठ, दुर्गा प्रसाद शर्मा, शिबू सिंह, लक्ष्मण सिंह ने सामूहिक रूप से पूजा की शुरूआत डाक बंगला से की थी। इसके बाद थाना के सामने तहसीलदार के घर में पूजा होने लगी। इसके बाद 1961ई में महादानी मंदिर परिसर मां दुर्गा की पूजा प्रतिमा स्थापित कर बंगला पद्धति से विधि-विधान से शुरू हुई। इस पावन कार्य में जादव नाथ देवघरिया, गोयंदा गोप, दुर्गा प्रसाद



शर्मा, कालिकांत राय, हरिश्चंद्र राय व विनोद चंद्र देवघरिया व हरि सोनी ( इनमें हरि सोनी छोड़ कर सभी अब सभी स्वर्गीय) का सराहनीय योगदान रहा। इसके बाद लगातार यहां मां दुर्गा की पूजा होती चली आ रही है। पूजा समिति के संरक्षक सौमित्र शर्मा, साधन कुमार राय अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से यहां माता की पूजा अर्चना पारंपरिक तरीके से की जाती है। वहीं श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वाधान में इस वर्ष पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। वहीं पूजा स्थल पर निर्मित मंदिरनुमा बन रहा पंडाल भक्तों के लिए आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। जहां षष्टी को वैदिक मंत्रों के बीच बेलवरण पूजा के बाद दर्शनार्थियों के लिए पट खोल दिया जाएगा। पूजा के दौरान सप्तमी,अष्टमी और नवमी को श्रद्धालुओं के बीच भोग व प्रसाद का वितरण किया जायेगा। वहीं प्रकाश सिंह, केदार रजक व दशरथ गोप सहित अन्य लोगों द्वारा शुरू की गयी रावण दहन का पूजा महासमिति द्वारा विजय दशमी को 50 फिट ऊंचे रावण का दहन, आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र होगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मुख्य प्रशिक्षक दीपक बड़ाइक को मिला पेसा प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। ओरमांझी प्रखंड के नियुक्त पेसा कानून के मुख्य प्रशिक्षक ओरमांझी मुखिया दीपक बड़ाइक को केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, हेहल में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में पंकज ठाकुर, त्रिलोकी करण, दिव्या जायसवाल एवं अजय मिश्रा ने प्रतिभागियों को पेसा कानून की विस्तृत जानकारी दी और ग्राम सभा की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने के बारे विस्तार से बताया। दीपक कुमार बढ़ाइ ने कहा कि पेसा कानून जनभागीदारी और लोकतंत्र को गांव स्तर तक सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस प्रशिक्षण से ग्राम सभा के अधिकार और जिम्मेदारियों को गहराई से समझने का अवसर मिला है। मैं इस ज्ञान का उपयोग ओरमांझी ही नहीं, बल्कि पूरे प्रखंड के ग्राम सभाओं को जागरूक एवं सशक्त बनाने में करूंगा।

### पाकलमेड़ी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने नवदीप महतो



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पाकलमेड़ी डहु टोली गांव स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में सोमवार को दुर्गा पूजा महापर्व धूमधाम मनाये जाने की तैयारी को लेकर ग्रामीणों व पूजा समिति के सदस्यों की एक बैठक की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा हर्सोल्लास और धूमधाम से मनायी जायेगी। पूजा को सफल बनाने के लिए पूजा समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष नवदीप महतो, उपाध्यक्ष सुनील, सुजीत, अजित, सतीश, लालचंद, पवन कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, सचिव सुरेंद्र कुमार महतो, वहीं सदस्यों में रंजीत, शिवेश सुशांत, पंकज, सूरज, जितेश, हेमंत अनुज, अभिषेक, सूरज, रोहित विश्वकर्मा, आकाश, जितेश्वर महतो, निखिल, सोहान कुमार को बनाया गया। नवमी की रात्रि में भक्ति जागरण के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### पूर्व उपप्रमुख धनंजय कुमार राय के पहल पर हुई पाइप लाइन की मरम्मत



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के थाना के समीप रांची गुमला मुख्य मार्ग के किनारे में घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचने के लिए नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के दौरान ग्रामीणों के घर में गये जलापूर्ति पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी की बबार्दी हो रही थी पानी बह कर सड़क में बर्बाद हो रहा था, जिससे रांची गुमला मुख्य मार्ग में बड़े बड़े गढ्ढे बन गये। इसको देखते हुए पूर्व उपप्रमुख धनंजय कुमार राय के पहल पर विभाग द्वारा मरम्मत करायी गयी। धनंजय कुमार राय ने अब परेशानी से निजात मिल जायेगी।

### बुढ़मू पुलिस ने ग्रामीणों में अफीम खेती के विरुद्ध चलाया जागरूकता अभियान



बुढ़मू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बदलूटा गांव में मंगलवार को पुलिस ने अफीम की अवैध खेती के खिलाफ एक बड़ा जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व खलारी के पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चौधरी ने किया, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को अफीम से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों और इसके कानूनी प्रावधानों के बारे में शिक्षित करना था। इस कार्यक्रम में मांडर अंचल के पुलिस निरीक्षक शशि भूषण चौधरी, बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार और बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल हुए। पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चौधरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अफीम की खेती न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि इसके लिए कठोर कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस अवैध खेती से दूर रहें और किसी भी तरह की जानकारी पुलिस को दें। पुलिस ने सख्त निर्देश दिए हैं कि भविष्य में इस क्षेत्र में अफीम की खेती पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### मध्य विद्यालय चकला के बच्चों को खिलाया गया एल्बेंडाजोल टेबलेट

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ओरमांझी प्रखंड के मध्य विद्यालय चकला में भोजन के उपरांत बच्चों को कृमि की दवा एल्बेंडाजोल खिलाया गया। मौके पर शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह विद्यालय के सहायक शिक्षक सतीश बड़ाईक, शिक्षिका आशा कुमारी, निर्मला कुजूर, दिनेश कुमार कच्छप, अनुपा शैल बाला कुजूर, सुचित्रा कुमारी, मो मुस्तफा अंसारी, प्रभा देवी, संगीता कुमारी, सुषमा देवी बीआरसी से रोहित गुप्ता उपस्थित थे।

### स्वामी विवेकानंद स्कूल में पौधा वितरण



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल में पौधा वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के निदेशक डॉ ज्ञानेश्वर महतो एवं नारो बाजार टांड़ के मौसमी सीड्स सेंटर के संचालक संजय कुमार महतो के द्वारा नगड़ी प्रखंड के विभिन्न गावों के ग्रामीणों के बीच पौधा नि:शुल्क वितरण किया गया।

### सेवा सम्मान समारोह पखवाड़ा का कार्यशाला



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी नगड़ी मंडल के अध्यक्ष जय किशन महतो की अध्यक्षता में मंगलवार को होटल स्वर्णरेखा में सेवा सम्मान समारोह पखवाड़ा का कार्यशाला के निमित्त एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मंडल स्तर पर स्वच्छता अभियान, रक्त दान शिविर और प्रखंड में निवास करने वाले प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन रोहित महतो ने किया। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य शशिभूषण भगत, कार्यक्रम के प्रभारी अजय तिवारी,विंध्याचल महतो, राकेश केशरी, चूड़ामनी महतो, केदार महतो, राजपाल साहू, अखिलेश केशरी, शिबू सिंह, मुकेश महतो, अजय नायक, शिवदेव उराव, कार्तिक महतो, संजय प्रसाद,रामबिलास लोहरा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कामडारा में दुर्गा पूजा की तैयारियां को लेकर बैठक



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** पोकला गेट में दुर्गा पूजा समिति के गठन और दुर्गा पूजा की तैयारियां को लेकर एक बैठक हुई। जिसमे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पोकला गेट में बीती सोमवार की रात लगभग आठ बजे के आसपास मनोज कुमार साहु के नेतृत्व पर एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें उपस्थित लोगों ने दुर्गा पूजा कमिटी पोकला गेट का गठन किया। वहीं सर्वसम्मति से लोगों ने अध्यक्ष के रुप में मनोज साहु को चुना। वहीं उपाध्यक्ष बबलू सिंह (चंदन), सचिव मनीष चौधरी और कोषाध्यक्ष अजीत ठाकुर को बनाया गया। इसके बाद बैठक में निर्णय लिया गया कि पुराने कमिटी में जो भी सदस्य थे। वह सभी सदस्य पूर्व की भांति दुर्गा पूजा को अच्छे ढंग से मनाये जाने के लिये अपनी भागीदारी निभायेंगे। इसी के साथ इस बैठक में मूर्ति बनाने, पंडाल सजावट,बाजा,पूजा खर्च सहित अन्य खर्चो का आकलन किये जाने के बाद सभी ग्रामवासियों से सहयोग करने का अपील किया गया। आयोजित इस बैठक मे नागेंद्र कुमार, शिवनारायण सिंह, युगल किशोर मिश्रा, शंकर नाग, भीष्म नारायण कुमार, अजय हरिहर, विष्णु दास, सिंकदर साहु,सकेंद्र सिंह,सुरेंद्र साहु,प्रवीण हरिहर सहित अन्य स्थानीय युवक और गणमान्य प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## जारी में हाथी भगाओ अभियान शुरू



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के श्रीनगर चटकपुर जोड़ा जाम मैदान में आज भारी संख्या में ग्रामीणों ने 'हाथी भगाओ अभियान' का जोरदार शुभारंभ किया गया। यह अभियान जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक एवं सीसीकरमटोली पंचायत की मुखिया फूलमैत देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान डुमरी प्रखंड, जारी प्रखंड व चैनपुर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से जारी प्रखंड में हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हाथी खेतों में घुसकर फसलें बर्बाद कर रहे हैं, घर तोड़कर अनाज खा रहे हैं और जान-माल की भारी क्षति पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने कड़ा आरोप लगाया कि वन विभाग की ओर से मात्र दो पटाका और एक टॉर्च देकर सिर्फ दिखावा किया जा रहा है, जबकि वास्तविक समस्या के समाधान हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सीसीकरमटोली पंचायत की मुखिया फूलमैत देवी ने कहा कि 2018 से हमारे क्षेत्र में हाथी विचरण कर रहे हैं। इस दौरान कई किसानों की जिंदगी बर्बाद हो चुकी है और कुछ ने अपने प्राण भी खो दिये हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि आगामी 8 दिनों के भीतर हाथी नहीं भगाये गये तो वे डीएफओ ऑफिस का घेराव करेंगे, सड़क जाम करेंगे तथा भूख हड़ताल सहित अन्य आंदोलनों का सहारा लेंगे। इस अवसर पर शेरल कुजूर, अनूप तिग्गा, अनमोल टोप्पो, प्रतिभा तिग्गा, विनोद तीर्की, मरियम एक्का सहित 30 गांवों के ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिविर में 14 लोगों ने किया रक्तदान



**सिसई (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त गुमला के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय सिसई में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान के लिए पहुंचे 21 लोगों में जांच के दौरान सात लोगों का हिमोग्लोबिन कम रहने के कारण 14 लोगों रक्तदान किया। जिनमें कासीम अंसारी, चरवा उरांव, मनोज राम वर्मा, विनोद कुमार साहु, प्रवीण कुमार, उदयनाथ तुरी, दीपक प्रसाद साहु, इमरोज अंसारी, आशिक अंसारी, सुभाष साहु, इमरोज आलम अंसारी, प्रदीप वारुण, साजिद अंसारी और सुमित कुमार सिंह शामिल थे। शिविर के दौरान बीडीओ रमेश कुमार यादव ने कहा कि रक्तदान करने से कई जरुरतमंद और इलाजरत जिन्दगियां बचायी जा सकती है। अनेकों बीमारियों और दुर्घटनाओं में घायल लोगों को रक्त की आवश्यकता होती है, देश के हर नागरिकों और विशेषकर युवाओं को जरुरतमंद लोगों के जान बचाने की इस मुहिम में बढ़ चढ़ कर आगे आने की आवश्यकता है।

# रोजगार मेला में 93 अभ्यर्थियों का चयन, 376 हुए शॉर्ट लिस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश के आलोक में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर गुमला के तत्वावधान में मंगलवार को नगर भवन परिसर गुमला में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। यह मेला सुबह 10 बजे से संध्या 4 बजे तक चला। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त गुमला दिलेश्वर महत्तो, श्रम अधीक्षक-सह-जिला कौशल पदाधिकारी गुमला तथा जिला नियोजन पदाधिकारी अनामिका तिर्की द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पौधा भेंट कर किया गया। इस अवसर पर गुमला और झारखंड की 13 निजी कंपनियां, अन्य क्षेत्रों से 2 कंपनियां, 3 कौशल केन्द्र तथा जिला उद्योग केन्द्र एवं आरएसइटीआइ गुमला जैसे 2 सरकारी विभाग उपस्थित रहे। इस रोजगार मेला में कुल 541 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 376 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया तथा अंततः 93 युवक-युवतियां चयनित हुए। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त द्वारा 10 चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर भी प्रदान किया गया।

अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त गुमला ने कहा कि वर्तमान समय में निजी क्षेत्र में अनेक संभावनाएं मौजूद हैं। जिला प्रशासन हर तीन माह पर इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन कर बेरोजगार युवाओं को सम्मानजनक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार गुमला जिले में कार्य करने हेतु निजी क्षेत्र की 13 कंपनियों ने अपनी वेकेंसी उपलब्ध करायी है, जिससे स्थानीय युवाओं को गुमला में ही रोजगार प्राप्त होगा।

इस रोजगार मेला के सफल संचालन में यंग प्रोफेशनल रवि कुमार गहलोत, उव लिपिक प्रवीण सुरीन, परियोजना सहायक अखिल केरकेट्टा, विजय लकड़ा, संदीप राम, कृष्णा राम, मंजूला लकड़ा, सीता कुमारी एवं शैलेन्द्र साहु का विशेष योगदान रहा।

## जिला और सत्र न्यायाधीश ने किया गुमला मंडल कारा का निरीक्षण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र ने मंडल कारा गुमला का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में प्रत्येक बंदियों का हाल-चाल पूछ तथा उन सब से यह जानने की कोशिश की,कि उनके केस में अधिवक्ता है या नहीं। साथ ही उनकी जमानत याचिका न्यायालय में दाखिल हुई है या नहीं । इस पर सभी बंदियों ने कहा कि उनके पास अधिवक्ता है तथा लगभग सभी बंदियों की जमानत याचिका विभिन्न न्यायालय में दाखिल है। प्रधान जिला जज ने कारा अस्पताल का भी निरीक्षण किया तथा डॉक्टर और कंपाउंडर को निर्देश दिया गया कि सभी कैदियों का बीपी शुगर तथा आंखों का जांच नियमित रूप से करते रहें और इलाज एवं दवाई में किसी तरह का कोई लापरवाही न बरतें तथा समय समय पर मोतियाबिंद का भी जांच किया जाना चाहिए। जिला जज के सथ, अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राम कुमार लाल गुप्ता, एल एलएडीसी डीएन ओहदार, बिंदेश्वर गोप, जितेंद्र सिंह एवं इंदु पांडे, कारापाल, लव कुश कुमार, सहायक कारापाल गौरव तथा प्रकाश पांडे उपस्थित थे।

### बिशुनपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियानः प्रशासन ने उठाया सख्त कदम

## अतिक्रमणकारियों को तीन दिन का अल्टीमेटम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर ।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को प्रखंड प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अंचलाधिकारी शेखर वर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मार्ग एवं बाजार टाड़ रोड में किए गए अतिक्रमण को हटवाया और दोबारा अतिक्रमण नहीं करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने वाले क्षेत्र के मरीज अतिक्रमण के कारण समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं उन्हें अस्पताल पहुंचने में मस्कट का सामना करना पड़ रहा है जो बिल्कुल ठीक नहीं है किसी भी सूरत में अतिक्रमण कर एंबुलेंस का रास्ता ना रोकें। अंचलाधिकारी शेखर वर्मा ने कहा कि सड़क एवं सरकारी व सार्वजनिक स्थल पर किया गया अतिक्रमण तीन दिन के अंदर हटा लें अन्यथा प्रशासन कार्रवाई के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण मुक्त अभियान अभी मुख्यालय में चलेगा और जिन्हें हटाया गया है वे अगर दोबारा दुकान लगते हैं तो नियम संगत कार्रवाई की जायेगी। इधर अभियान के दौरान प्रशासन की सख्ती के चलते अतिक्रमणकारी अपने सामान समेटने पर मजबूर हो गये।

### श्री सीताराम सेवा आश्रम में यज्ञशाला निर्माण का भूमि पूजन


## यह संस्कृति की आत्मा है : लक्ष्मण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजधनवार।** नवागढ़ चट्टी स्थित श्री सीताराम सेवा आश्रम, ठाकुरबाड़ी झलबाद में सोमवार को यज्ञशाला निर्माण हेतु भूमि पूजन का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं धनवार विधानसभा प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

पूजन वैदिक रीति से विशेश्वर पाण्डेय द्वारा संपन्न कराया गया। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि यज्ञशाला केवल ईंट और पत्थर की संरचना नहीं, बल्कि हमारी आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। यहां से निकलने वाली ऊर्जा समाज को जोड़ती है और नकारात्मकता को दूर करती है। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया संजय कुमार, छात्रधारी वर्मा, अशोक सिंह, विजय सिंह,कपिल सिंह, उपेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे। स्वामी सीतारामशरण महाराज ने कार्यक्रम को आशीर्वाद प्रदान किया और सभी को एकजुट रहने का संदेश दिया।
















# सामाजिक बदलाव में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम: दीपिका पांडेय

## ग्रामीण विकास मंत्री ने तोरपा के कोचा गांव में किया क्लाइमट स्मार्ट गांव का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राज्य की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पाडेय सिंह ने कहा कि सामाजिक बदलाव में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होती है। महिलाएं ही समाज कें विकास को गति दे सकती हैं। मंत्री मंगलवार को तोरपा प्रखंड के तपकारा कोचा खास गांव में क्लाइमेट स्मार्ट गांव का सांसद कालीचरण मुंडा और विधायक सुदीप गुड़िया के साथ उद्घाटन करने के बाद उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। योजना का कार्यान्वयन प्रदान संस्था द्वारा स्नेडर इलेक्ट्रिक इंडिया फांडेशन के वित्तीय और तकनीकी सहयोग से पूरा किया गया है। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कोचा जैसे पिछड़े गांव को भी महिलाएं प्रगति की राह पर ले जा रही हैं। उन्होंने कहा कि खूंटी ने झारखंड को पहचान दिलाई है। मंत्री ने कहा कि आप एक कदम बढ़ायें, सरकार दस कदम आगे बढ़ेगी।



### झारखंड में पैसा पेड़ों पर फलता है : कालीचरण मुंडा

सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि झारखंड में पैसा पेड़ों पर फलता है, इसके बाद भी हम गरीब हैं। हम संसाधनों का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा ईमानदारी से काम करेंगे, तो हर प्रकार का सहयोग दिया जायेगा। स्वयंसेवी संस्थाए कृषि और वनोपज आधारित रोजगार देने का प्रयास करें। सांसद ने कहा कि झारखंड को ठीक से संवारेंगे, तो लोग खुशहाल होंगे।

### कोचा गांव का सर्वांगीण विकास होगा: सुदीप गुड़िया

विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि उन्हें खुशी हो रही है कि विधायक के रूप में पहली बार अपने गांव के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले वे इसी पंचायत के मुखिया थे और उन्होंने नशापान के खिलफ काम किया है। उन्होंने कहा कि कुछ ही समय में कोचा ने एक पहचान बनाई है। विधायक ने कहा कि कोचा गांव के लोगों का सर्वांगीण विकास होगा।

## रैयत विस्थापित मोर्चा का 19 को महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा 19 को घोषित धरना को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय डकरा में हुई वार्ता विफल रहा। एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि एनके एरिया में रैयत विस्थापित की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। प्रबंधन पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। इसको लेकर मोर्चा ने आंदोलन की तैयारी शुरू कर दिया गया है। वहीं मोर्चा के नेतृत्व में रैयत विस्थापित के द्वारा सभी परियोजना में धरना दिया गया है और अब एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष 19 को जोरदार तरीके से धरना दिया जायेगा। उन्होंने एनके एरिया के सभी रैयत विस्थापित से धरना में शामिल होने की अपील की गयी। इस मौके पर रंथु उरांव, जगरनाथ महतो, रामलखन गंझू, जालिम सिंह, विनय, अमृत, प्रभाकर, दामोदर आदि उपस्थित थे।

## बुंडू: जमीन विवाद में हुई थी एतवा की हत्या, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** तमाड़ थाना क्षेत्र में 13 सितंबर को भूरसुडीह के जंगल में एक व्यक्ति का हत्या कर सर कटा हुआ शव फेंका गया था। इस सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा अनुसंधान के क्रम में कटा हुआ सर एवं शव का पहचान सुरेश स्वांसी पिता एतवा स्वांसी ग्राम भूरसुडीह थाना तमाड़ के रूप में की गयी। मृतक के पिता ने तमाड़ थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी, जिसमें अभियुक्त जगदीश स्वांसी उम्र 40 वर्ष पिता जीवन स्वांसी, पुरन कुमार स्वांसी उम्र 30 वर्ष पिता स्व रामकृष्ण स्वांसी ग्राम भूरसुडीह तथा हरी मुंडा उम्र 35 वर्ष पिता गोंदे मुंडा ग्राम भुरसूडीह टोला बांकी के विरुद्ध अपने पुत्र की धारदार हथियार से हत्या करने का आरोप में कांड दर्ज किया गया था। कांड अनुसंधान के क्रम में पता चला कि दोनों पक्षों के बीच पूर्व से जमीन विवाद का मामला चल आ रहा था, जिसके कारण अभियुक्तों के द्वारा या घटना किया गया। जिसमें जगदीश स्वांसी और हरि मुंडा को छापामारी कर गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अभियुक्त फरार है। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर घटना में प्रयोग किये गये हथियार दाउली तथा फरसा के अलावे घटना से मृतक सुरेश स्वांसी का एंड्रॉयड फोन अभियुक्त जगदीश स्वांसी का कीपैड फोन को बरामद कर जब्त किया गया।



## ग्राम रोजगार सेवक का आकस्मिक निधन

**राहे (आजाद सिपाही)।** ग्राम रोजगार सेवक सोनाहातू गांव निवासी कृष्णा मछुवा का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। ये राहे प्रखंड में ग्राम रोजगार सेवक के पद पर पदस्थापित थे। श्रद्धांजलि सभा में बीपीओ बबिता गोस्वामी, रोजगार सेवक संजय प्रमाणिक, पंखराज महतो, नंदकिशोर प्रदीप, सुबोध महतो आदि मौजूद थे।

## डकरा पुल के गार्डवाल की मरम्मत जल्द हो : कृष्णा चौहान

**खलारी (आजाद सिपाही)।** एटक नेता कृष्णा चौहान ने कहा कि डकरा पुल का जो गार्डवाल क्षतिग्रस्त हो गया, उसकी जल्द मरम्मत सीसीएल प्रबंधन कराये। उन्होंने कहा कि डकरा खलारी मुख्य पर लाइफ लाइन कहे जाने वाली डकरा पुल का गार्डवाल दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त हो गया था लेकिन अभी तक डकरा पुल का गार्ड वाल नहीं बनाया जा सका है। जल्द ही इस पर संज्ञान लेकर गार्ड वाल का निर्माण किया जाना सुरक्षा की दृष्टिकोण से बेहद जरूरी है। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग किया है कि पूजा का महीना शुरू हो गया है उसे पहले गार्ड वाल को बनाने का कार्य शुरू किया जाये।

## बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की केडीएच खदान बंदी कल

**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन नौ सूत्री मांग को लेकर 18 सितंबर को आहूत बंदी को लेकर डकरा में जीएम कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में यूनियन के द्वारा नौ सूत्री मांगों पर चर्चा हुई। जिसमें प्रबंधन के साथ वार्ता में कोई सहमति नहीं बन पाया और वार्ता विफल हुई। वार्ता विफल होने के बाद बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के नेताओं ने कहा कि 18 को आहूत केडीएच परियोजना की बंदी होगी।

## सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर तोरपा थाना क्षेत्र में उर्मी मोड़ के पास सोमवार की देर रात अज्ञात बाइक की टक्कर से 27 वर्षीय अलाउद्दीन अंसारी नामक राजमिस्त्री की मौत हो गयी। वह गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के महदाडीह गांव का रहनेवाला था।

## कल्याणपुर में तीन दिवसीय जितिया मेला शुरू, मेला के पहले दिन उमड़ी भीड़



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में तीन दिवसीय एतिहासिक जितिया मेला का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि में सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक संजीव कुमार और पूर्व जीएम बीपी सिंह ने जितिया जतरा खूंटा को फीता काटकर मेला का उदघाटन किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोका पीओ जितेंद्र कुमार सिंह,पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार,बहेरा मुखिया रेखा कुमारी,किचटो मुखिया संगीता देवी,बेंती मुखिया सरिता देवी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। वक्ताओं ने कल्याणपुर के जितिया मेला को राजकीय मेला का दर्जा देने की मांग की। इस मौके पर ईश्वर टाना भगत,कासिम उर्फ मुन्ना, निर्मल उरांव, अर्जुन गंझू, अब्दुल अंसारी, इदरीस अंसारी, बालेश्वर उरांव सहित कई लोग मौजुद थे। इधर मेला के पहले दिन लोगों की भारी भीड़ देखी गयी। मेला में टावर झूला,नाव झूला,मौत का कुआं,ड्रैगन झूला, ब्रेक डांस के अलावे विभिन्न प्रकार के दुकान और प्रतिष्ठान लगाया गया है, जिसमें लोगों की भारी भीड़ देखी गयी।

# एक चिकित्सक के भरोसे ईचागढ़ सीएचसी

## तिरुलडीह पीएचसी पूरी तरह डॉक्टर विहीन, शासन-प्रशासन मौन

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने के दावों की पोल ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और तिरुलडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की जमीनी हकीकत खोल रही है। दोनों स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी है। स्थिति इतनी बदतर है कि ईचागढ़ सीएचसी में केवल एक चिकित्सक के भरोसे पूरे प्रखंड का इलाज चल रहा है, जबकि तिरुलडीह पीएचसी पूरी तरह से चिकित्सक विहीन हो चुका है।

**ईचागढ़ सीएचसी में 44 स्वीकृत पद, 36 खाली :** ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल 44 स्वीकृत पद हैं, लेकिन इनमें से 36 खाली पड़े हैं। यहां कामकाज महज 7 कर्मचारियों के सहारे चल रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि पूरे केंद्र में सिर्फ एक चिकित्सक और एक दंत चिकित्सक मौजूद हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में उन्हें मजबूरन निजी अस्पताल का सहारा लेना पड़ता है, जिससे कई बार मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है।

**तिरुलडीह पीएचसी में डॉक्टर शून्य, सिर्फ 3 नर्सो पर जिम्मेदारी :** कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल और भी गंभीर है। यहां 11 स्वीकृत पदों में से 7 खाली हैं। स्थिति तब और बिगड़ी जब यहां पदस्थापित एकमात्र चिकित्सक डॉ. हरेंद्र सिंह मुंडा को 7 अगस्त 2025 को ईचागढ़ सीएचसी में प्रतिनियुक्त कर दिया गया। उसके बाद से पूरा केंद्र केवल तीन नर्सों के भरोसे चल रहा है।

समय पर इलाज न मिलने से कई बार गंभीर मरीजों को जान से हाथ धोना पड़ सकता है। मजबूरी में उन्हें रांची और जमशेदपुर के निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जो न तो सभी के लिए आसान है और न ही सस्ता। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और सरकार से मांग की है कि तुरंत दोनों केंद्रों पर डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों की पदास्थापना की जाये।

### दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे वर्णित निविदा सं. के तहत ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिनके खुलने की नियत तिथि 06.10.2025 को 15.00 बजे है। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **1. एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-64,** सिग्नलों की सुरक्षा के लिए सैक्रिफिशियल मास्ट के साथ-साथ अतिक्रमित सिग्नलों के समानांतर में स्पेयर सिग्नल फाउंडेशन का प्रावधान। **निविदा लागत:** रु.1,92,01,134.24, **बयाना राशि:** रु. 2,46,000/-, **2. एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-65,** चक्रधरपुर मंडल के तहत बहुत पुराने हो चुके सिग्नलों एवं पॉइंट मशीनों की बदली। **निविदा लागत:** रु.2,12,69,052/-, **बयाना राशि:** रु. 2,56,400/-, **3. एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-66,** बंडामुंडा जंक्शन-राउरकेला, पानपोष-झारसुगुड़ा शाखा में टीआरआर (पी) के संबंध में एस एंड टी कार्य। **निविदा लागत:** रु.81,85,985.52, **बयाना राशि:** रु. 1,63,700/-, **कार्य समापन:** क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु 12 माह और क्रम सं. 3 हेतु 15 माह। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किया जाएगा। **(PR-629)**

## झारखण्ड सरकार

## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, चतरा

### द्वितीय चरण रोजगार मेला 2025–26

एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला

रोजगार मेला स्थल : चतरा कॉलेज चतरा के नजदीक हैलीपैड ग्राउंड

तिथि : 20 सितम्बर 2025

### सूचना

दत्तोंपत ठेंगरी रोजगार योजना के अन्तर्गत राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय चतरा के तत्वावधान में **दिनांक 20.09.2025 को** एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगरी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

**रोजगार मेला से संबंधित विवरण निम्न प्रकार है :–**

| Stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Gender | Exp. | Job location | Pay/Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Prestige Services | Safety | 1 | ITI (Electrical) + Diploma Fire and Safety | 21 | Male | 03 Year's Minimum | NTPC Tandwa | SW/22,000/- |
| | | C&I Engineer (DCS) | 2 | Diploma + B.Tech (EEE) | 25 | | 05-07 Year's Minimum | | 30K+35K |
| | | C&I Supervisor | 2 | Diploma + B.Tech (EEE) | 25 | | 05-07 Year's Minimum | | 30K+35K |
| | | C&I Technice (BGT) | 1 | ITI/Diploma Electrical | 25 | | 03 Year's Minimum | | SSW/SW |
| | | Electrical Engineer | 2 | Diploma + B.Tech (EE) | 25 | | 05-07 Year's Minimum | | 30K+35K |
| | | PLC Engineer | 1 | Diploma Electrical (EE/EEE) | 25 | | 05-07 Year's Minimum | | 25K+30K |
| | | Supervisor | 1 | ITI/Diploma Electrical | 25 | | 05-07 Year's Minimum | | 25K+30K |
| | | Technician | 1 | ITI/Diploma Electrical | 25 | | 03 Year's Minimum | | SSW/SW |
| 02 | Sai Urja Imdo Venture Ltd | Skill Worker | 2 | Graduation With Industrial Safety | 25+ | Male | 02 Yrs | NTPC, Tandwa | 20,800 |
| | | Semi Skill Worker | 1 | Graduation With Computer Knowledge | 25+ | | 01 yr | | 17,680 |
| | | Unskilled Worker | 1 | Not Requried | 18+ | | 0 | | 15,000 |
| 03 | Pranabnaman Minerals Pvt.Ltd | Tipper Driver | 30 | Driving License Of Heavy & Transport Vechile. Experience in driving in mining area | 20+ | Male | 2 Yrs | Balumath | 20K-22K Accommodation |
| | | MIS Executive | 02 | 12th | | | | Latehar, Hazaribagh, Dhanbad | 12k to 14K |
| 04 | VPR VGR PLR | Helper | 10 | ITI | 18-30 | Male | -- | Tandwa | 12K |
| | | Asst.Mech | 10 | | | | 4 Yrs | | 15K |
| | | Mechanic | 05 | | | | 8 Yrs | | 20K |
| | | Electrcian Helper | 05 | | | | -- | | 12K |
| | | Asst. Electrician | 05 | | | | 5 Yrs | | 15K |
| 05 | M/S Suraj Lal Singh | Sweeper | 02 | $10^{th}$ Pass | Below 40 Yrs | Male | -- | NTPC Tandwa | 12,000 |
| 06 | CAGL | TKM | 20 | 12th Pass | 19 to 30 | Male | Only Freshers | Anywhere In Jharkhand | 12250/- CTC |
| 07 | GSA Foundation Motherson Mate | CNC/VMC Machine Operator | 100 | $10^{th}$,$12^{th}$ ITI, Graduate, Diploma | 18-36 | Both | If Candidates Have | Ahemdabad | 15720 to 25000 RS P.M |
| 08 | Pratham Education Foundation | Food & Beverage Service Assistant | 200 | $10^{th}$ & Above | 18-35 | Male/Female | Freshers | PAN India | 8K-15K |
| 09 | Freedom Employability Academy | Teacher | 20 | Graduation | 18-45 | ANY | Not Required | Bagodar | 14500/- |
| 10 | AB INDIA SERVICES, SARAIKELA KHAR SAWAN, Adityapur | Hilti Core Cutting/Bolt Fixing Machine Operator | 10 | ITI/Diploma, (Fitter/Electrician/ Turner), All Trade | 20-45 | Male | 1 Year | Jamshedpur | 14,000/- |
| | | Data Entry operator | 25 | 10+2, DCA/ADCA | 18-45 | Male/Female | No | Work From Home | 8000/- |
| | | Computer Operator | 25 | 10+2+3 ,DCA/ADCA | 18-45 | Male/Female | No | Work From Home | 10,000/- |
| | | Tellecaller | 10 | 10+2 | 18-45 | Male/Female | No | Work From Home | 6000/- |
| | | Trainee Operator | 25 | ITI/DIPLOMA | 18-23 | Male/Female | Fresher | Jamshedpur/ Pantnagar | 11000/- |
| | | Accountant | 1 | B.com/M.com, Tally/Income tax | 20-35 | Female | 1 Year | Jamshedpur | 12000-20000/- |
| | | Mobilizer | 10 | Matric | 18-45 | Male/Female | Fresher | Home District (CHATRA) | 10000/- |
| | | Field Executive | 10 | Matric | 18-45 | Male/Female | Fresher | Home District (CHATRA) | 10000/- |
| | | Project Trainer | 02 | MBA/B.TECH | 20-40 | Male/Female | Fresher | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | Office Administrator | 01 | MBA/B.TECH, English Grammar knowledge | 20-32 | Female | 1 year | Jamshedpur | 12000-20000/- |
| | | IT Executive | 01 | B.tech-CS/IT, english Spoken | 20-32 | Female | 1 year | Jamshedpur | 12000-20000/- |
| | | Helper | 30 | Non Matric | 18-45 | Male | Fresher | (Odisha) | 12000/- |
| | | Side supervisor | 05 | Graduation | 23-45 | Male | 6 Month | Jharkhand/odisha | 12000/- |
| | | Tele Sales Executive | 10 | 10+2 | 20-35 | Male/Female | 6 Month | Work From Home | 10000/- |
| | | Running-Scott Staff | 25 | Matric | 18-45 | Male | Fresher | Odisha | 12000/- |
| | | Sales Executive | 10 | 10+2+3 | 18-45 | Male | 6 Month | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | Panchayat cordinator | 25 | 10+2+3, Intermediate | 20-45 | Male/Female | – | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | FIELD Surveyor | 15 | 10+2 | 20-45 | Male/Female | Fresher | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | Village Farmer Cordinator | 25 | 10+2+3 | 20-45 | Male/Female | – | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | SHOP VIDEO KYC EXECUTIVE | 20 | 10+2, Intermediate | 20-45 | Male/Female | Fresher | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | AC Coach Attendar | 50 | 10+2, Intermediate | 18-50 | Male | Fresher | PAN INDIA | 12000/- |
| | | Area Field Supervisor | 05 | 10+2+3, Graduation | 19-45 | Male/Female | Field Exp | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | HR RECRUITER | 05 | M.B.A, HR-Marketing | 20-45 | Male/Female | Fresher | Work From Home | 10000/- |
| 11 | Delhi public School Tandwa | Accountant | 1 | Computer Cources | 18+ | – | 1 Yrs | DPS Tandwa | 12,000+ |
| | | Guard | 1 | Matriculation | | – | 1 Yrs | | 10,000+ |
| | | Cook | 2 | No need | | – | 1 Yrs | | 10,000+ |
| | | PRT(atl) | 4 | Graduate | | – | 2 Yrs | | 12,000+ |
| | | Computer Account/ Operator | 2 | Computer Cources | | – | 2 Yrs | | 15,000+ |
| 12 | Svatantra Microfin pvt.Ltd | SFO (Svantantra Field Officier) | 55 | Minimum $10^{th}$ | 18 to 28 yrs | Male Preferred | Fresher Only | Chatra, Itkhori, jhumritelaiya | Gross Salary 12770/- per month +Incentive +Fuel +PF, EST +Medicalaim +Leave |
| 13 | Bharat Financial Inclusion Limited | SMT (Field Assistant Training) | 40 | Minimum $10^{th}$ | 18-32 | Male And Female | May apply | Hazaribagh, Koderma, Chatra | 12000 to 15000 |
| | | CRO (Collection) | 30 | | | | | | 12000 to 15000 |
| 14 | Arctic Industries | ITI (Fitter & Electrician) | 40 | $10^{th}$,$12^{th}$ ITI | 18-35 | Male/Female | NO | All Over Jharkhand | 16,000 |
| | | R.O. Technician | 45 | $10^{th}$,$12^{th}$ ITI | | | NO | | 16,000 |
| | | CCTV Technician | 40 | $10^{th}$,$12^{th}$ ITI | | | NO | | 16,000 |
| | | Accountant | 05 | Graduation (B.COM) | | | 1 Year | | 17,300 |
| | | Computer Op./ Technician | 10 | $12^{th}$ DCA/ADCA/FTCP | | | 6 Months | | 15,000 |
| | | Tele Caller | 35 | $10^{th}$,$12^{th}$ | | | NO | | 9,000 |
| 15 | Belrise Indstries Limited | NAPS Training | 200 | $10^{th}$ Pass | 18-26 | Male | Freshers | Sambhaji Nagar, Aurangabad, Maharastra | 17,250/- |
| | | | | $12^{th}$ Pass | | | | | 18,688/- |
| | | | | I.T.I Pass | | | | | 19,406/- |
| | | | | Diploma | | | | | 21,563/- |
| 16 | Virson Security & Facility Services PVT.LTD | Security Guard | 50 | $10^{th}$ | 18 Yrs To 45 Yrs | Male | No | All Jharkhand | 10K to 12K |
| | | Security Supervisor | 10 | B.A | 21yrs to 45 Yrs | | Yes | | 12K to 15K |
| | | Gunman | 10 | $12^{th}$ | 21Yrs to 45 Yrs | | Yes | | 18K to 23K |
| 17 | Universal Sompo GIC Ltd | Advisor | 100 | Min $10^{th}$ Pass | Min 18 Yrs | M/F | Freshers | Anywhere | Comission |
| 18 | **Aadhya HR Solutions Pvt Ltd** | | | | | | | | |
| A | NAHARS ENGINEERING IND LTD | Asst- Junior Technician | 200 | ITI ( Fresher's) | 18 to 45 | Male/Female | Freshers | Bengaluru Narsapura | 21,500/- |
| B | Zepto India Ltd | COLD STORAGE (Pickers & Packers) | 200 | $5^{th}$, $7^{th}$, $10^{th}$ ,$12^{th}$, Any Degree | 18 to 40 | Male | Freshers | Bengaluru Nelamagala | 19,549/- |
| C | Shivam Auto Tech | CNC & VMC Operators | 100 | $10^{th}$, $12^{th}$ Any Degree | 18 to 45 | Male/Female | Freshers | Bengaluru Vemgal | 21,500/- |
| D | NAHARS ENGINEERING IND LTD | Welders ( Co2 /MIG Welders) | 100 | $5^{th}$, $7^{th}$, $10^{th}$ ,$12^{th}$, ITI, Diploma, etc | 18 to 45 | Male/Female | Freshers | Bengaluru Narsapura | 23,500/- |
| E | TBEA Pvt Ltd | Fork Lift Operators | 50 | No need | 18 to 45 | Male | Freshers | Bengaluru Bidadi | 21,188/- |
| F | Chaitra Irrigation | Helpers | 120 | No need | 18 to 45 | Male | Freshers | Bengaluru Bellur Cross | 20,000/- |
| 19 | M/S Sri Ganpati Dona Plate loga Wodha | Helper | 06 | Non Matric | 18+ | Female | Non | Chatra | 7500/- |
| | | Driver | 01 | Matric | 18+ | Male | 1 Year | | 9000/- |
| | | Flour Mile Operator | 01 | Matric + Inter | 18+ | Male | 2 Years | | 15000/- |

अतः योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटवर्ती नियोजनालय में निबंधन कराते हुए उक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने बायोडाटा एवं सभी प्रमाण पत्रों यथा– शैक्षणिक, तकनिकी योग्यता, अनुभव, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, नियोजनालय का वैद्ध निबंधन कार्ड की मूल एवं छाया प्रति तथा अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ निर्धारित तिथि (20 सितम्बर 2025) को **पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन् 04.00 बजे तक** मेला स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। वैसे उम्मीदवार जो पूर्व से झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित है, उन्हें इस रोजगार मेला के लिए दुबारा निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

अतः साक्षात्कार एवं रिक्ती संबंधी सेवा शर्तो के लिए वे सीधे उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है। चयन एवं नियुक्ति की प्रक्रिया में नियोजनालय की कोई भूमिका नहीं है। इस हेतु कोई भी मांग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा। इस एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में बेराजगार युवक/युवतियाँ भाग लेकर इसका भरपूर लाभ उठा सकते है।

**नोट :– विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजनालय, चतरा से सम्पर्क कर सकते हैं।**

**PR 362102 Labour Employment and Traning(25-26).D**

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा

# विश्वकर्मा पूजा आज : जिला मुख्यालय के कल्याणपुर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**रात में होगा भव्य भक्ति जागरण : सुरेंद्र विश्वकर्मा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के नेतृत्व में बुधवार को गढ़वा जिला स्तरीय भव्य विश्वकर्मा पूजा समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष समाज का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय के गौरा टीकर (कल्याणपुर) में किया जा रहा है, जहां भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना तथा रात्रि में भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा।



**सृष्टि के रचयिता हैं भगवान विश्वकर्मा :** सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा भगवान विश्वकर्मा ही सृष्टि के रचयिता हैं जिसका वर्णन सभी धर्म ग्रंथो में मिलता है। विश्वकर्मा पूजा के दिन सभी शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक अपने औजारों, कल कारखानों की साफ सफाई कर अपने आराध्य भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करते हैं।

सुरेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 17 सितंबर की रात्रि 9 बजे से भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा। जिसमें गोरखपुर के भोजपुरी सम्राट शेरा लोहार और बक्सर की प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका निक्की राज एवं दोनों की टीम के कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुत की जायेगी।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा का कार्यक्रम आज से

गढ़वा । भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे आगामी सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरूआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अनेकों कार्यक्रम का आयोजन गढ़वा में किया जायेगा। जिसमें छात्रों के बिच पाठ्य सामग्री का वितरण किया जायेगा।

## आरके पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर




मंझिआंव (आजाद सिपाही)। आर.के. पब्लिक स्कूल, मंझिआंव में छात्रों और कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम का समापन हुआ। रेफरल अस्पताल, मंझिआंव से आए एक चिकित्सा दल ने 295 छात्रों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें स्वस्थ रहने के तरीके बताये। टीम ने छात्रों को आंखों की बीमारियों, मोटापा, मधुमेह, हृदय संबंधी समस्याओं आदि से बचाव के उपाय सुझाए। चिकित्सा दल में डॉ. विशाल कुमार मिश्रा, डॉ. वी.पी. सिंह, नेत्र सहायक श्रीमती सरोज कुमारी, एएनएम मंजू कुमारी और सी.एच.ओ. श्री राम किशोर शामिल थे। स्कूल के निदेशक, प्रसिद्ध शिक्षाविद् और लोकप्रिय समाजसेवी श्री अलख नाथ पांडे ने इस नेक काम के लिए चिकित्सा दल भेजने हेतु रेफरल अस्पताल, मंझिआंव के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोविंद प्रसाद सेठ का आभार व्यक्त किया।

## डंडई : सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, मेराल प्रमुख दीपमाला ने बैठक में उठाया मुद्दा



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड मुख्यालय के अंबेडकर चौक स्थित जल संसाधन विभाग की 1 एकड़ 33 डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जे का मामला अब जिला स्तर पर गूंज उठा है। सोमवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक में मेराल प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी ने इस मुद्दे को प्रमुखता से रखा। दीपमाला कुमारी ने कहा कि उक्त भूमि पर कुछ लोगों ने दुकानें बनाकर अवैध कब्जा कर लिया है। उन्होंने मांग की कि इस जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराकर व्यवसायिक दुकानें और पार्क का निर्माण कराया जाये। दीपमाला ने तर्क दिया कि इस तरह का निर्माण प्रखंड में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और सरकार को भी राजस्व की आय होगी। इधर, ग्रामीणों ने दीपमाला की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम पूरी तरह जनहित से जुड़ा है। उनका कहना है कि विभागीय लापरवाही के कारण यह जमीन अब तक कब्जे से मुक्त नहीं हो सकी है। लोगों ने कहा कि दीप माला ने अपने मायके डंडई प्रखंड की समस्या को जिला स्तर पर उठाकर यह साबित किया है कि वह सिर्फ मेराल प्रखंड की प्रमुख ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ी जनप्रतिनिधि भी हैं।




















VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !






**NETARHAT AWASIYA VIDYALAYA NETARHAT**
P.O- NETARHAT, VIA-GUMLA, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com Website:www.netarhatvidyalaya.com

**NOTICE INVITING TENDER**
**Tender No.262 Dated - 15.09.2025**

Sealed Tenders/Quotations are invited from reputed Suppliers /Publishers/Authorized Distributors/Authorized Dealers for the Supply of different kinds of News Papers, Magazines, and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Supply of different kinds of News Papers, Magazines and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Supply of News Papers, Magazines ,Circulars on weekly, fortnight, monthly and quarterly basis . (Hindi & English) |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat, P.O - Netarhat, Via-Gumla, District-Latehar.(JHARKHAND) PIN-835 218. |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 15.09.2025 10 A.M |
| 5 | Last Date and Time for receipt of Bids | 03.10.2025 at 11 A.M |
| 6 | Date of Opening of the Tender | 03.10.2025 at 11.30 A.M |

Further details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat

PR.NO.362089 Human Resource Developement(25-26):D


# धनबाद वासेपुर में हुई छापेमारी, नोट गिनने के लिए मंगानी पड़ी मशीन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले के वासेपुर इलाके में मंगलवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने आतंकी फंडिंग से जुड़े एक बड़े मामले में छापेमारी की। उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की टीम भी इस कार्रवाई में शामिल रही। छापेमारी का मुख्य निशाना नूरी मस्जिद के पास रहने वाले जमीन कारोबारी और गोविंदपुर प्रज्ञा केंद्र के संचालक शाहबाज अंसारी उर्फ शाहबाज अंसारी का घर था। एनआइए की टीम ने उनके आवास की बारीकी से तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में नकदी बरामद होने की पुष्टि हुई है। नकदी की गिनती के लिए धनबाद पुलिस ने नोट गिनने की मशीनों के साथ मौके पर पहुंचकर सहयोग किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग के आरोपों पर आधारित है। शाहबाज अंसारी पर आतंकी संगठनों से जुड़े फंड्स को जमीन खरीद-बिक्री के जरिए सफेद करने का शक है। एनआइए को मिली खुफिया जानकारी के आधार पर यह ऑपरेशन अंजाम दिया गया, जिसमें दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और बैंक रिकॉर्ड जब्त किये गये। यूपी एटीएस की भागीदारी से संकेत मिलता है कि मामला अंतरराज्यीय टेरर नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है, जिसमें पाकिस्तान समर्थित संगठनों का हाथ होने की आशंका जतायी जा रही है.मौके पर भारी सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गयी है। यूपी पुलिस, जिला पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीमें शाहबाज के घर के आसपास डेरा डाले हुए हैं। छापेमारी के दौरान इलाके में तनाव का माहौल रहा, लेकिन किसी तरह की अप्रिय घटना की कोई रिपोर्ट नहीं है। एनआइए के प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी से कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनकी फॉरेंसिक जांच की जा रही है। शाहबाज अंसारी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, और उनके परिजनों से भी बयान दर्ज किए जा रहे हैं। यह घटना वासेपुर के संवेदनशील इतिहास को फिर से उजागर करती है। मात्र तीन महीने पहले, अप्रैल 2025 में झारखंड एटीएस ने वासेपुर सहित धनबाद के कई इलाकों में छापेमारी की थी। उस ऑपरेशन में पाकिस्तानी आतंकी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन और द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें युसुफ, कौसर, गुलफाम, अयान, शहजाद और शबनम शामिल थे( यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले (अप्रैल 2025) से जुड़ी थी, जिसमें 26 पर्यटकों की हत्या हुई थी।

## डीसी की पहल पर बैंक ने ग्राहक को लौटाया वाहन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इसी क्रम में चास निवासी मोनिका विश्वकर्मा ने जनता दरबार में अपनी समस्या रखी। उन्होंने बताया कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण वाहन की किस्तें समय पर जमा नहीं हो पाई थीं, जिसके कारण बैंक ने वाहन जब्त कर लिया। इस मामले को उपायुक्त ने गंभीरता से लिया। उन्होंने मौके पर ही जन शिकायत कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी एलडीएम आबिद हुसैन को जरूरी दिशा निर्देश दिया। पदाधिकारियों ने इंडसइंड बैंक के प्रतिनिधियों से वार्ता की। कुछ घंटों में ही मानवीय आधार पर बैंक ने वाहन की चाभी मोनिका विश्वकर्मा को लौटाने का निर्णय लिया।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा, (खेल शाखा)**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निकाले आम सूचना के PR. NO-361807 Lohardaga(25-26) D में चयन एवं पंजीकरण का स्थान बी0 एस0 कॉलेज लोहरदगा एवं मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला कॉलेज के स्थान पर +2 नदिया उच्च विधालय, मिनी स्टेडियम, लोहरदगा समझा जाय, तथा पंजीकरण की तिथि एवं ट्रायल का समय 18.0.09.2025 एवं 19.09.2025 के स्थान पर 18.09.2025 पढ़ा जाय। दिशा निर्देश का क्रमांक 2 में सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स हेतु प्रतिभागी खिलाड़ियों की आयुसीमा 16 से 22 वर्ष के बीच होना चाहिए। के स्थान पर सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स हेतु प्रतिभागी खिलाड़ियों की आयुसीमा 16 से 22 वर्ष के बीच होना चाहिए। व राष्ट्रीय स्तरीय पर भागीदारी/राज्य स्तर के प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त हो।

शेष यथावत रहेंगें।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 362142 Lohardaga(25-26)#D



**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(भू–अर्जन शाखा), प्रपत्र VI**
**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–जमबुआ, थाना–दारु, थाना–सं0–114, अंचल–दारु, जिला–हजारीबाग में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना ईचाक–झुमरा पथ का चौड़ीकरण/मजबुतीकरण कार्य (कुल लम्बाई 9.3 कि0मी0) हेतु अपेक्षित है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है। कि ग्राम–जमबुआ, थाना–दारु, थाना–सं0–114, अंचल–दारु, जिला–हजारीबाग में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 1.257 एकड़ यानि 0.50870 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है, जो निम्नवत है:–

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 7 | 2 | निजी | टांड–III | 0.052 | चेतलाल प्रसाद मेहता, ईश्वर हीरण महतो ताकेश्वर प्रेसाद मेहता पिता लालजी महतो नि0 जमुआ | प्लॉट नं0 1 | रास्ता | नीज | सीमाना |
| 2 | 2 | 3 | निजी | टांड–III | 0.023 | अर्जुन महतो पिता सा0 मंगुरा पो करियातपुर थाना ईचाक जिला हजारीबाग | प्लॉट नं0 2 | रास्ता | नीज | 139 |
| 3 | 12 | 139 | निजी | टांड–III | 0.132 | विदेशी महतो पिता गजु महतो नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | प्लॉट नं0 3 | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0 145/1 |
| 4 | 16 | 145/1 | निजी | टांड–III | 0.033 | बसंत सिंह पिता स्व0 नथु सिंह ग्राम जमुआ पो0 करियातपुर | प्लॉट नं0 139 | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0 145/2 |
| 5 | 16 | 145/2 | निजी | टांड–III | 0.032 | अशोक सिंह वो रंजीत सिंह पिता स्व0 जयनन्द सिंह वो आनन्द सिंह, पवन सिंह पिता स्व0 प्रमोद सिंह ग्राम जमबुआ पो0 करियातपुर | प्लॉट नं0 145/1 | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0 146 |
| 6 | 16 | 146 | निजी | टांड–III | 0.041 | देवलाल सिंह वो जिवलाल सिंह मृत बसंत नाारायण सिंह पिता स्व0 नथु सिंह नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | प्लॉट नं0 145/2 | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0 147 |
| 7 | 20 | 147 | निजी | टांड–III | 0.040 | विनय सिंह वो संजय सिंह पिता स्व0 अर्जुन सिंह रामसेवक सिंह बाबु कृष्णा सिंह बाबु अनुज सिंह, मनोज सिंह पिता विश्वनाथ सिंह सुरेन्द्र सिंह पिता स्व0 कमख्याता सिंह | प्लॉट नं0 146 | प्लॉट नं0 149 | नीज | रास्ता |
| 8 | 23 | 149 | निजी | टांड–III | 0.035 | राघो महतो पिता ........ नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर थाना ईचाक जिला हजारीबाग | प्लॉट नं0 147 | प्लॉट नं0 150 | नीज | रास्ता |
| 9 | 20 | 150 | निजी | टांड–III | 0.040 | विनय सिंह वो संजय सिंह पिता स्व0 अर्जुन सिंह रामसेवक सिंह बाबु कृष्णा सिंह बाबु अनुज सिंह, मनोज सिंह पिता विश्वनाथ सिंह सुरेन्द्र सिंह पिता स्व0 कमख्याता सिंह | प्लॉट नं0 149 | प्लॉट नं0 151 | नीज | रास्ता |
| 10 | 32 | 152 | निजी | टांड–III | 0.024 | हरसहाय सिंह मृत राम सेवक पिता विश्वनाथ सिंह वो सुरेन्द्रर सिंह पिता कमख्या नारायण सिंह नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | प्लॉट नं0 150 | प्लॉट नं0 153 | नीज | रास्ता |
| 11 | 23 | 153 | निजी | टांड–III | 0.055 | राघो महतो पिता मनी महतो वो नथु महतो पिता उदीप महतो नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | प्लॉट नं0 152 | प्लॉट नं0 155/1 | नीज | रास्ता |
| 12 | 2 | 154/1 | निजी | टांड–III | 0.08 | लोलो महतो पिता फुलचंद महतो वो भेखलाल महतो पिता पोखन महतो इन्दर महतो पिता स्व0 फुलचंद महतो सुरेश प्रसाद पिता दखन महतो सा0 कनौदी पो0 करियातपुर थाना ईचाक जिला ह0बाग | प्लॉट नं0 153 | प्लॉट नं0 154/2 | नीज | रास्ता |
| 13 | 2 | 154/2 | निजी | टांड–III | 0.04 | नगीया देवी पति इन्दर महतो सा0 कनौदी पो0 करियातपुर थाना ईचाक जिला ह0बाग | प्लॉट नं0 154/1 | प्लॉट नं0 154/3 | नीज | रास्ता |
| 14 | 2 | 154/3 | निजी | टांड–III | 0.04 | निरंजन सिंह, उमेश सिंह पिता स्व0 कमल सिंह सन्तु सिंह पिता स्व0 छेदी सिंह, मोहित कुमार सिंह पिता शिवकुमार सिंह | प्लॉट नं0 154/2 | प्लॉट नं0 156 | नीज | रास्ता |
| 15 | 16 | 156 | निजी | टांड–III | 0.070 | रामनरेश सिंह पिता स्व0 नथु सिंह , अशोक सिंह पिता जयनन्द सिंह वो आनन्द सिंह पिता प्रमोद सिंह ग्राम जमबुआ पो0 करियापुर | प्लॉट नं0 154 | रास्ता | प्लॉट नं0 157 | रास्ता |
| 16 | 26 | 157 | निजी | टांड–III | 0.021 | नागो महतो पिता केदार महतो नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 158 | प्लॉट नं0 156 |
| 17 | 16 | 158 | निजी | टांड–III | 0.022 | अशोक सिंह पिता स्व0 जयनन्द सिंह वो आनन्द सिंह पिता प्रमोद सिंह ग्राम जमबुआ पो0 करियातपुर | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 160 | प्लॉट नं0 157 |
| 18 | 20 | 159 | निजी | टांड–III | 0.032 | विनय सिंह वो संजय सिंह पिता स्व0 अर्जुन सिंह रामसेवक सिंह बाबु कृष्णा सिंह बाबु अनुज सिंह, मनोज सिंह पिता विश्वनाथ सिंह सुरेन्द्र सिंह पिता स्व0 कमख्या सिंह | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 161 | प्लॉट नं0 158 |
| 19 | 26 | 160 | निजी | टांड–III | 0.025 | धनु महतो पिता स्व0 बजन महतो नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 161 | प्लॉट नं0 159 |
| 20 | 12 | 161 | निजी | टांड–III | 0.210 | जयनार्धन सिंह पिता स्व0 चन्द्रिका सिंह जितेन्द्र सिंह पिता स्व0 भगवत सिंह, रणविजय सिंह पिता स्व0 विदेशी सिंह नि0 जमुआ | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 172 | प्लॉट नं0 161 |
| 21 | 7 | 172 | निजी | टांड–III | 0.105 | निरंजन सिंह, उमेश सिंह पिता स्व0 कमल सिंह अन्जु सिंह पति स्व0 शिव सिंह वो मोहित सिंह वो सुनिल सिंह पिता स्व0 छेदी सिंह ग्राम जमुबआ पो0 करियातपुर थाना दारु हजारीबाग | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 174/1 | प्लॉट नं0 161 |
| 22 | 20 | 174/1 | निजी | टांड–III | 0.018 | विनय सिंह वो संजय सिंह पिता स्व0 अर्जुन सिंह रामसेवक सिंह बाबु कृष्णा सिंह बाबु अनुज सिंह, मनोज सिंह पिता विश्वनाथ सिंह सुरेन्द्र सिंह पिता स्व0 कमख्याता सिंह | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 161 | प्लॉट नं0 172/2 |
| 23 | 20 | 174/2 | निजी | टांड–III | 0.017 | ईश्वर दयाल सिंह पिता नथु सिंह ग्राम जमुबआ पो0 करियातपुर थाना दारु हजारीबाग | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 172/1 | प्लॉट नं0 175/1 |
| 24 | 26 | 175/1 | निजी | टांड–III | 0.010 | बासुदेव सिंह पिता स्व0 रामकेशवर सिंह ग्राम जमुआ, करियातपुर | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 172/2 | प्लॉट नं0 175/2 |
| 25 | 26 | 175/2 | निजी | टांड–III | 0.010 | ईश्वर दयाल सिंह पिता नथु सिंह ग्राम जमुबआ पो0 करियातपुर थाना दारु हजारीबाग | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 175/1 | प्लॉट नं0 176 |
| 26 | | 176 | निजी | टांड–III | 0.050 | देवलाल सिंह मृत ईश्वर दयाल सिंह पिता स्व0 नथु सिंह नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 175/2 | सिमाना |
| कुल | | | | | 1.257 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय के किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए , अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी .............................................. को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रश/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग

PR 361974 Land Reforms(25-26)#D


## फायरब्रिक्स के नौ और फिटरलाइन के चार घरों से पांच लाख की चोरी

**चिरकुण्डा (आजाद सिपाही)।** 'तू डाल डाल तो मैं पात पात' चोरों ने पुलिस को दी खुली चुनौती दी है। अभी कुमारधुबीओपी क्षेत्र के बागानधौड़ा का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि चोरों ने कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के ही शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के फायरब्रिक्स के नौ घरों में बीते चोरी की घटना को अंजाम दे डाली। सभी घर में ताले बंद थे। कोई सामने के घर में सो रहा था तों कोई स्वजनों के घर में सोये हुए थे। इसके अलावा कुमारधुबी ओपी से महज 20 से 25 मीटर की दूरी पर फिटर लाइन में भी चोरी ने चार घरों का ताला तोड़ चोर घर में घुसे परंतु कुछ नहीं मिलने पर वापस चला गया। सिर्फ एक घर का कुछ सामान चोरी हुआ है। घटना की सुचना मिलते ही कुमारधुबी ओपी प्रभारी मैथ्यु एक्का पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की जानकारी ली तथा आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुट गये है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पीड़ित राम सिंह ने बताया की पास में भाई के घर में सोये हुए थे। सुबह करीब पांच बजे जब मां घर आयी तो देखी की दरवाजे का ताला, आलमीरा टुटा हुआ है तथा घर का सारा सामान बिखरा हुआ है। आकर देखे तों हमलोगों का होश ही उड़ गया। सारे जेवरात कान का झुमका, मांग टिका, चैन, पायल, नगद सहित लगभग ढाई से तीन का चोरी हो गया है। वही शिवपुजन सिंह ने कहा की वे सामने के घर में सोये हुए थे। सुबह साढ़े चार बजे आये तों देखे की दरवाजा का ताला टुटा हुआ है तथा घर में रखा नगद दस हजार, कान की बाली सब मिलाकर लगभग एक से सवा लाख की चोरी हो गया है। वही उमेश चौधरी का कहना है की फायरब्रिक्स में इस तरह की चोरी कभी नहीं हुई थी। यह पहली घटना है। कुमारधुबी क्षेत्र के लिए इस तरह की दूसरी घटना है।

## अपराध और अपराधियों पर लगाम कसेगा बाइक पेट्रोल रक्षक राइडर



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने को लेकर जिला कप्तान ने बाइक पेट्रोल रक्षक राइडर्स की शुरूआत की है। बोकारो के सिटी थाना समीप जिला कप्तान ने 50 बाइक पेट्रोल रक्षक राइडर्स को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह विशेष बाइक पेट्रोलिंग दस्ता बोकारो जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी गश्त, त्वरित प्रतिक्रिया तथा अपराध नियंत्रण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्य करेगा। जिला कप्तान हरविंदर सिंह ने बाइक पेट्रोलिंग को एक नया नाम दिया है रक्षक राइडर्स। यह राइडर्स सुचना पर त्वरित उपस्थिति होंगे और जन–सुरक्षा में सक्रियता और अपराध पर नियंत्रण की दिशा में एक नयी पहचान दिलायेंगे। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह की माने तो यह पहल जिले में विधि–व्यवस्था बनाए रखने, गश्त को तेज करने तथा जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाने में सहायक होगी। साथ ही, रक्षक राइडर्स का यह दस्ता आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों के साथ अपराधियों और अपराध पर प्रभावी कार्रवाई करेगा।

## सेल की 53वीं वार्षिक आम बैठक




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने चिन्मया मिशन, नई दिल्ली में अपनी 53वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की, जहां सेल के सीएमडी अमरेंदु प्रकाश ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया और वैश्विक चुनौतियों के बीच कंपनी के मजबूत प्रदर्शन और भविष्य के विकास के लिए इसके रणनीतिक रोडमैप को रेखांकित किया। अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए, श्री प्रकाश ने कहा कि इस्पात को अक्सर आधुनिक सभ्यता की रीढ़ कहा जाता है – मजबूत, लचीला और टिकाउ। इस्पात की तरह, हमारी कंपनी भी अग्नि–परीक्षा से गुजरी है, चुनौतियों से आकार लेती रही है और अनुभव से मजबूत हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सेल 2047 तक विकसित भारत की ओर भारत की विकास यात्रा में एक साक्षी और एक भागीदार, दोनों के रूप में मजबूती से खड़ा है। उन्होंने बुनियादी ढांचा, रेलवे, रक्षा, ऊर्जा आदि सहित विविध क्षेत्रों के लिए इस्पात आपूर्ति करते हुए राष्ट्र निर्माण में सेल की महत्वपूर्ण भूमिका को दोहराया। उन्होंने कहा, ःसेल का इस्पात भारत की विकास गाथा के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 के मार्गदर्शन में, कंपनी ने अपनी यात्रा के अगले चरण की शुरूआत कर दी है, जहां आगामी परियोजनाएं शुरू से ही हरित प्रौद्योगिकियों, कुशल लॉजिस्टिक्स और ग्राहक–केंद्रित समाधानों को एकीकृत करेंगी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में सेल की महत्वपूर्ण भूमिका को दोहराते हुआ कहा सेल ने विभिन्न क्षेत्रों, जैसे अवसंरचना, रेलवे, रक्षा, ऊर्जा सहित अन्य क्षेत्रों के लिए इस्पात की आपूर्ति करता रहा है।


**समाहरणालय, लातेहार**
**(स्थापना शाखा)**

**आवश्यक सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार अन्तर्गत संविदा/ अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2025(DHS) के तहत् दिनांक 07.09.2025 को District CM School of Excellence, Latehar में आयोजित लिखित परीक्षा एवं शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तअंक के आधार पर तैयार की गई मेधा सूची (Merit List) को जिला के अधिकृत वेबसाईट–latehar.nic.in में प्रकाशित किया गया है,जिसे अवलोकन किया जा सकता है।

उपायुक्त,
लातेहार

PR 362060 (District) 25-26 (D)



**सम्पदा न्यायालय, बोकारो इस्पात संयंत्र, बोकारो**
**आम सूचना**

**सम्पदा न्यायालय, बोकारो इस्पात संयंत्र, बोकारो द्वारा पारित आदेशों के आलोक में संदर्भित बेदखली आदेशों (Eviction Orders) के तहत अनाधिकृत दखलकारों को सूचित किया जाता है कि अनाधिकृत प्लॉट/भूमि एव आवासों को शीघ्र खाली कर अपने बकाये राशि का भुगतान कर दें, अन्यथा इन्हें बेदखली प्रक्रिया के तहत हटा दिया जाएगा और किसी भी तरह की क्षति के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। अनधिकृत प्लॉट/भूमि एवं आवासो को खाली कराने का कार्य दिनांक 18.09.2025 से प्रारम्भ होगा।**

आदेशानुसार
सम्पदा पदाधिकारी
बोकारो स्टील सिटी

दिनांकः–16.09.2025



**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,चतरा।**
**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान**
**"(Dharti Aaba janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan – DAJGUA)"**

मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 148 दिनांक 29.01.2025 के आलोक में चतरा जिला के जनजातीय समुदाय के संदस्यों/मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना–प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान **"(Dharti Aaba janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan – DAJGUA)"**–नई योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 के लिए प्रारंभ की गयी है। इसमें केन्द्र प्रायोजित – प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृष्टिकोण और अभिशरण के माध्यम से बुनियाँदी ढ़ाचे, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में महत्त्वपूर्ण अंतराल को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पना की गयी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Blocks) में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान **"(Dharti Aaba janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan – DAJGUA)"** अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के ही कुछ कम्पोनेंट्स (Components) का इकाई लागत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही है। इस योजना के तहत जनजातीय लाभुक जनित योजना जिसमें Community Forest Resourse (CFR) Holders of Tribal भी सम्मिलित किये गये है, में सरकार का अनुदान कुल इकाई लागत का 90 प्रतिशत (केन्द्रांश 60% राज्यांश 40%) तथा शेष 10 प्रतिशत लाभुक का अंशदान है। उपरोक्त योजना में लाभुक के चयन का प्रकिया प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही जिला स्तर पर DLC एवं राज्य स्तर पर SLAMC के माध्यम से किया जाना है। राज्य की अधिकाधिक जनजाति आबादी को DAJGUA के तहत् मात्स्यिकी से जोड़ने एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से चतरा जिला के 05 प्रखडों के कुल 18 गॉवों को इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है। आवेदन इन्ही गाँवों के जनजातीय लोगों से स्वीकार किया जाएगा। किसी भी कार्य दिवस पर आवेदन पत्र कार्यालय में आकर निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। आवेदन जमा करने का अंतिम तिथि 27.09.2025 तक निर्धारित है। आवेदन के साथ दस्तावेजों की सूची (आवश्यकता अनुसार) जाति प्रमाण पत्र, आवासीय/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, मत्स्य विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण पत्र इत्यादि।

लाभुक जनित योजना निम्नांकित है :–

| क0. सं0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू0 में) | लक्ष्य | राशि भुगतान की विवरणी (लाख रू0 में) 90% सरकारी अनुदान | 10% लाभुक अंशदान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल (मत्स्य विपणन) | सं0 में | 0.75 | 01 | 0.675 | 0.075 |

चतरा जिला के चिन्हित गॉवों की सूचि निम्नलिखित है, जहाँ से अनुसूचित जनजाति के मत्स्य कृषकों से आवेदन आमंत्रित है :–

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | ग्राम का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कान्हाचट्टी | बेंगोकला | केन्दुआसाहोर | |
| 2 | मयुरहण्ड | करमा | करमा | |
| 3 | पत्थलगड्डा | मेराल | जोरी | |
| 4 | पत्थलगड्डा | मेराल | मेराल | |
| 5 | सिमरिया | बगरा | हफुआ | |
| 6 | सिमरिया | जॉंगी | कोरी | |
| 7 | सिमरिया | पीरी | सोंस | |
| 8 | सिमरिया | चोपे | बड़गॉव | |
| 9 | टण्डवा | पोकला अलियास कासिडीह | उड़सु | |
| 10 | टण्डवा | नावाडीह अलियास तेलियाडीह | सिदपा | |
| 11 | टण्डवा | बड़गॉव | उलातु अलियाससेमरत्नार | |
| 12 | टण्डवा | डहु | बानपुर | |
| 13 | टण्डवा | बहेरा | कान्धार | |
| 14 | टण्डवा | बहेरा | कारो | |
| 15 | टण्डवा | कल्याणपुर | मांडर | |
| 16 | टण्डवा | कल्याणपुर | कल्याणपुर | |
| 17 | टण्डवा | राहम | लारंगा | |
| 18 | टण्डवा | बेंती | कुटकी | |

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, चतरा।

PR 362112 Fish(25-26)D




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**